2- MAR- BSP- P-1_Layout 1 3/2/2025 11:47 PM Page 1

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार 3 मार्च 2025



तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 22.4 डिग्री



महाराणा प्रताप चौक से व्यापार विहार जाने वाली सड़क पर नाली निर्माण के लिए खोदे गए गड्ढे महीनों से अधूरे पड़े हुए हैं।

## खबर संक्षेप

### 10वीं की परीक्षा आज से 26 हजार छात्र होंगे शामिल



**बिलासपुर।** 10वीं बोर्ड की परीक्षा 3 मार्च से शुरू होगी, जिसमें पहला पेपर हिंदी का होगा। जिले में 131 परीक्षा केंद्रों में 10वीं कक्षा के 25,612 छात्र शामिल होंगे। इस साल भी 10वीं-12वीं के छात्रों के लिए पूरक परीक्षा आयोजित नहीं की जाएगी। पिछले साल से बोर्ड ने दो मुख्य परीक्षाएं आयोजित करने का नियम लागू किया है। नए नियमों के अनुसार, यदि कोई छात्र किसी विषय में फेल हो जाता है, तो उसे पूरक परीक्षा की बजाय सेकंड चांस बोर्ड एग्जाम में बैठने का अवसर मिलेगा।

### प्रदेश कांग्रेस कमेटी का धरना रायपुर में आज

**बिलासपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर 3 मार्च को दोपहर 12 बजे ईडी कार्यालय के सामने सुभाष स्टेडियम रायपुर में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस संबंध में शहर अध्यक्ष विजय पांडेय, ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी ने बताया कि केंद्र की मोदी सरकार अपनी विफलता और भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए लगातार केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। प्रजातन्त्र को खत्म करने के लिए विपक्ष के नेताओ पर ईडी की कार्रवाई की जा रही है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज की जासूसी की जा रही है, साथ ही कांग्रेस पार्टी को बदनाम करने की नीयत से राजीव भवन रायपुर में ईडी अधिकारियों को भेजना, प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदु से 8 घंटे पूछताछ करना घोर आपत्ति जनक है। ईडी के इस कार्रवाई को प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने गम्भीरता से लेते हुए 3 मार्च को दोपहर 12 बजे ईडी कार्यालय के सामने सुभाष स्टेडियम रायपुर के सामने धरना प्रदर्शन किया जाएगा ।

### जिला पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष का चुनाव 5 को

**बिलासपुर।** कलेक्टर अवनीश शरण ने नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों के पदभार ग्रहण करने जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन के लिए समयसारणी जारी की है। इसके अनुसार जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन के लिए निर्वाचित सदस्यों को सूचना जारी की गई है। जिला पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन के लिए सम्मिलन 5 मार्च को होगा। इसी प्रकार अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन के प्रकाशन की अधिसूचना 5 मार्च को जारी की जाएगी। जिला पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष और सदस्यों को जिला पंचायत के प्रथम सम्मिलन की सूचना 5 मार्च को ही जारी की जाएगी। जिला पंचायत के प्रथम सम्मिलन (विशेष) का आयोजन 10 मार्च को किया जाएगा।

### मत्स्य कैंप में किसानों ने पोर्टल में कराया पंजीयन

**बिलासपुर।** मत्स्य विभाग द्वारा मछली पालन किसानों का मात्स्यकि डिजीटल पोर्टल में पंजीयन कराने कैंप लगाया गया। मत्स्य विभाग के उप संचालक एके महिस्वर ने बताया कि इसमें जिले के विकासखंड बिल्हा, मस्तूरी, कोटा एवं तखतपुर से 72 लोग शामिल हुए। जिनमें मछुआ सहकारी समिति, मछुआ समूह, स्व सहायता समूह एवं व्यक्तिगत मत्स्य किसान शामिल थे। मौके पर 52 मत्स्य कृषकों ने मत्स्य की डिजीटल पोर्टल में अपना पंजीयन कराया। एनएफडीपी में पंजीकृत मत्स्य किसानों को ही विभागीय योजना का लाभ दिया जाएगा। इस अवसर पर सहायक मत्स्य अधिकारी सतीश मेमन, डीडी रात्रे, संगीता सार्वा, अल्का स्वर्णकार, मत्स्य निरीक्षक राजेश वर्मा, शतरूपा जायसवाल, संजुला सोनी एवं प्रांजल शर्मा मौजूद थे।

# प्लांट में ताला लगते ही बिलासपुर से नागपुर तक रेल नीर की सप्लाई ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिरगिट्टी क्षेत्र में 10 करोड़ रुपए की लागत से बनाए गए रेल नीर प्लांट में ताला लगा दिया गया है। इस प्लांट के बंद होते ही आईआरसीटीसी नागपुर से रेल नीर की पेटी मंगवाकर रेलवे स्टेशनों में आपूर्ति कर रही है, लेकिन वर्तमान में गर्मी की शुरुआत होते ही पानी की मांग रेलवे स्टेशन और पेंट्रीकार में बढ़ गई है। इसके कारण रेल नीर की सप्लाई बिलासपुर से रायपुर और नागपुर डिवीजन में काफी असर पड़ रहा है। मांग की पूर्ति करने में आईआरसीटीसी भी नाकाम साबित हो रही है।

रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर संचालित होने वाले स्टाल और ट्रेनों के पेंट्रीकार में यात्रियों को खाने-पीने की वस्तु से लेकर पानी की बोतल की बिक्री होती है, जिसकी कीमत रेलवे बोर्ड द्वारा तय किया गया है, जिसका संचालन आईआरसीटीसी और रेल प्रशासन द्वारा किया जाता है। आठ साल पहले बिलासपुर सहित अन्य स्टेशनों में लोकल ब्रांड की पानी के बोतल बेचे जा रहे थे, जिससे कई यात्रियों की तबीयत बिगड़ रही थी। रेलवे बोर्ड ने सख्त आदेश देते हुए लोकल ब्रांड की पानी के बोतल की सप्लाई पर प्रतिबंध लगाते हुए आईआरसीटीसी को रेल नीर शुरु करने को कहा था। बोर्ड से आदेश मिलने से पहले बिलासपुर स्टेशन में पानी की सप्लाई बिहार के दानापुर रेलवे स्टेशन से होती थी। आदेश मिलने के बाद बिलासपुर के सिरगिट्टी औद्योगिक क्षेत्र में रेल नीर का प्लांट बनाया गया था। पानी के बोतल उत्पादन से लेकर सप्लाई करने का ठेका कोलकाता की कंपनी को दिया गया था। बिलासपुर सहित आसपास के छोटे बड़े स्टेशनों में सभी स्टॉल संचालकों को लोकल ब्रांड के स्थान पर रेल नीर के पानी बोतल रखने और बेचने का आदेश दे दिया गया। आठ साल बाद कोलकाता की कंपनी ने रेल नीर प्लांट का संचालन करने से अपना हाथ खींच लिया, जिसकी वजह से रेल नीर प्लांट में ताला लग गया है। प्लांट बंद होते ही बिलासपुर सहित आसपास के स्टेशनों में रेल नीर की सप्लाई पर काफी असर पड़ रहा है। यात्रियों की मांग के बावजूद रेल नीर की बोतल नहीं होने से स्टॉल संचालकों को काफी परेशानी हो रही है।

नया टेंडर नहीं कर रही आईआरसीटीसी




सिरगिट्टी क्षेत्र में बनाया गया रेलनीर प्लांट जहां लटक रहा है ताला।

### ईब तक सप्लाई हो रहा था पानी

सिरगिट्टी में संचालित हो रहे प्लांट से बिलासपुर के साथ उसलापुर, शहडोल, पेण्ड्रारोड, रायगढ़, कोरबा, ईब, रायपुर, दुर्ग व अन्य स्टेशनों में पानी के बोतल की सप्लाई की जा रही थी। यहां से पानी की पेटी के रेट स्टाल संचालकों को 120 रुपए देना पड़ रहा था। वर्तमान में हालत यह हो गया है कि नागपुर से गाड़ी कभी आती है और कभी नहीं आती है। इसकी वजह से बिलासपुर डिवीजन के अंतिम स्टेशन ईब स्टेशन तक पानी की समस्या होने के साथ ही नागपुर से आने वाली रेल नीर की पानी की पेटी के लिए स्टाल संचालकों को 6 रुपए अतिरिक्त देना मजबूरी हो गई है।

### दूसरे ब्रांड को अनुमति नहीं

रेलवे बोर्ड ने आईआरसीटीसी को स्टॉल, जनआहार, फूड प्लाजा, ट्रेनों के पेंट्रीकार सहित सभी स्टेशनों पर रेल नीर की सप्लाई करने का आदेश दिया है। वर्तमान में रेल नीर के बोतल सप्लाई और आपूर्ति कम होने के बावजूद आईआरसीटीसी की ओर से दूसरी कंपनियों के बोतल की आल्टरनेट कोई व्यवस्था भी नहीं की जा रही है। जिसके कारण यात्रियों को परेशानी हो रही है।

### प्लांट खोलने नया टेंडर नहीं

सिरगिट्टी औद्योगिक क्षेत्र में संचालित रेल नीर का ठेका कोलकाता की कंपनी ने लिया था। कंपनी को सप्लाई और प्रोडक्शन में परेशानी हो रही थी। इस प्लांट को बंद करने के लिए कंपनी के संचालक ने कई बार आईआरसीटीसी को पत्र लिखा था। आखिरकार नवम्बर माह में कंपनी ने रेल नीर प्लांट को पूरी तरह से आईआरसीटीसी को हैंड ओवर कर दिया। प्लांट में ताला लगते ही स्टेशन और प्लेटफार्म पर रेल नीर की सप्लाई में परेशानी होने लगी, जिसे देखते हुए रेलवे ने नागपुर के प्लांट से रेल नीर की पेटियां मंगाना शुरु किया गया। प्लांट बंद हुए पांच माह से अधिक हो चुके हैं, लेकिन आईआरसीटीसी की ओर से अब तक नया टेंडर नहीं निकाला गया है।

### हमारी तरफ से समस्या नहीं

बिलासपुर में संचालित होने वाले रेल नीर प्लांट टेम्प्रेरी क्लोज हो गया है। दोबारा टेंडर करना है कि नहीं, इस संबंध में कोई जानकारी नहीं दे सकते हैं। फिलहाल कहीं भी पानी की कोई कमी नहीं है। इसके संबंध में कोई भी बात करने के लिए हम अथेंटिक नहीं है, इसकी जानकारी पीआरओ दे सकते हैं।

**- प्रवीण शर्मा,** एरिया मैनेजर आईआरसीटीसी

## बिना किसी लीज या परमिशन के हर दिन हजारों वाहन रेत का अवैध उत्खनन

# लोखंडी, तुर्काडीह घाट में बिना नंबर वाली गाड़ियां, सुबह से चीर रहीं अरपा का सीना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खनिज विभाग की छुटपुट कार्रवाई अरपा को खोखला कर रहे रेत माफियाओं को नियंत्रित नहीं कर पा रही। हालत यह कि शहरी क्षेत्र सहित ग्रामीण व वन क्षेत्र से लगे घाटों से बिना किसी लीज या परमिशन के हर दिन हजारों हाईवा व ट्रैक्टर अवैध रेत उत्खनन कर उसे धड़ल्ले से बेचा जा रहा है। खनिज विभाग पर उंगली न उठे या उच्च अधिकारियों की फटकार न लगे इसके लिए विभागीय अधिकारी शहर व आस-पास के क्षेत्र में जाकर दो-चार ट्रैक्टर व हाईवा जब्त कर अपने कार्य की इतिश्री कर ले रहे हैं। शहर से ही लगे तुर्काडीह, लोखंडी, लोफंदी, निरतू, कोनी रेत घाट स्वीकृत नहीं हैं लेकिन वहां प्रतिदिन 24 घंटे रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है। इसके अलावा सेंदरी, घुटकू, सरकंडा घाट से भी रेत का उत्खनन हो रहा है। यहां रोज सुबह रेत माफिया ट्रैक्टर लेकर पहुंच जाते हैं।


रविवार की सुबह हरिभूमि ने अरपा किनारों का दौरा किया तो हर जगह ट्रैक्टर और दूसरी गाड़ियों की कतार दिखी। सड़क पर भी लोडिंग अनलोडिंग के लिए वाहन खड़े थे। खास तौर पर लोखंडी, लोफंदी में नदी के बीच में 20 से अधिक ट्रैक्टर दिखाई दिए। इनमें से कई ट्रैक्टर बिना नंबर के भी थे। अरपा नदी में अवैध रूप से रेत उत्खनन हो रहा है। रेत चोर ट्रैक्टर, हाइवा वाहन से दिन-रात रेत निकाल रहे हैं। दूसरी ओर खनिज विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को इसके बारे में पूरी जानकारी है, लेकिन हर बार कार्रवाई तो हो रही है और स्टाफ कम का हवाला देते हुए इन खनिज माफियाओं को खुली छूट दी जा रही है। इसके चलते रेत चोरों के हौसले बुलंद हैं। पुलिस व राजस्व विभाग के अफसर भी कार्रवाई के नाम पर मौन बैठ गए हैं। रेत निकालने वाले मनमुताबिक कीमत में बिक्री कर रहे हैं। इन पर रोक लगाने वाले कोई नहीं है।



### बना लिए गए अवैध रेत घाट

कोनी, लोखंडी, तुरकाडीह, लोफंदी, निरतू समेत अन्य जगहों पर अवैध रेत घाट बना लिए गए हैं। शहर के मध्य दयालबंद में भी अवैध रेत घाट बन गया है। यहां सुबह से लेकर रात तक रेत खनन हो रहा है। खनिज विभाग ने यहां कभी छापेमारी तक नहीं की। शिकायत करने के बाद भी जांच करने नहीं पहुंचे। इसके चलते रेत चोरी करने वालों के हौसले बुलंद हैं। 24 घंटे अंधाधुंध खोदाई की जा रही है। कहा तो यह भी जा रहा है कि रसूखदारों की वजह से खनिज विभाग के अधिकारी दबाव में रहते हैं। इसके चलते कभी बड़ी कार्रवाई नहीं होती।

### सेंदरी, घुटकू, सरकंडा घाट से भी रेत का उत्खनन, इक्का दुक्का कार्रवाई की औपचारिकता





### सुबह से शुरू हो जाती है खोदाई

शहर से सटे अरपा नदी में सुबह से लेकर रात तक अवैध खनन का सिलसिला जारी है। इससे जहां रेत माफियाओं की मौज है, वहीं शासन को राजस्व का नुकसान हो रहा है। हरिभूमि की टीम ने कुछ स्थानीय लोगों से बात की। इन लोगों ने बताया कि सुबह से रेत खनन शुरू हो जाता है जो कि देर रात तक चलता है। खनिज विभाग के अधिकारी और प्रशासन केवल दिखावे के लिए एक-दो बार कार्रवाई करते हैं। दूसरी ओर अवैध खनन से नदी की संरचना प्रभावित हो रही है। रेत माफिया के इस नेटवर्क में स्थानीय और बाहरी दोनों लोग शामिल हैं, जो आसानी से नदी से रेत निकालकर उसे बेचने का काम करते हैं।

### नीलामी की प्रक्रिया जल्द होगी पूरी

हमें जहां भी अवैध रेत उत्खनन की जानकारी मिलती है, कार्रवाई की जाती है। जिला प्रशासन भी समय-समय पर कार्रवाई करता है। संयुक्त टीम भी बनाई गई है। नई घाटों के नीलामी की प्रक्रिया जल्द पूरी की जाएगी।

**- रमाकांत सोनी,** खनिज अधिकारी

### विभाग के रिकार्ड में गिनेचुने ही रेतघाट

ध्यान रहे कि पेंड्रा से निकली 147 किलोमीटर नदी अरपा में भले खनिज विभाग के रिकार्ड में गिनेचुने ही रेतघाट हों, लेकिन अवैध रूप से इसमें लगभग 200 ऐसे छोटे-छोटे घाट हैं, जहां से अवैध रेत का उत्खनन किया जा रहा। खनिज विभाग की टीम शहर व गांव के क्षेत्र में तो कभी कभार कार्रवाई करती है, लेकिन जंगल के बीच से जो धड़ल्ले से अवैध रेत उत्खनन हो रहा है, उस पर रोक लगाने के लिए कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। कोटा से लेकर भैंसाझार क्षेत्र में अरबों रुपए की विकास योजनाएं चल रही हैं। इन योजनाओं में लाखों हाइवा रेत का उपयोग होना है। ऐसे में यह रेत कहां से आई, क्या इसे वैध लीज से उत्खनन कर रायल्टी चुकता करके लाया गया, यह पूछने वाला कोई नहीं है।

### सौंदर्यीकरण अंतिम चरण में





शहर के पुराने बस स्टैण्ड से लेकर रविन्द्रनाथ टैगोर चौक तक सड़क का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। यहां रंगीन लाइटिंग सहित आकर्षक पेड़-पौधे रोपे जा रहे हैं। वहीं युवा पीढ़ी को शहर के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों से अवगत कराने उन विभूतियों की प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। सौंदर्यीकरण का कार्य अंतिम चरण पर है। जल्द ही शहरवासियों को इसकी सौगात मिलेगी।

# मार्च शुरू होते ही पारा 36 डिग्री पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मार्च के पहले हफ्ते में ही गर्मी ने तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। दूसरे दिन 36.1 डिग्री अधिकतम पारा दर्ज किया गया है, आमतौर पर पारा 32 डिग्री के आसपास रहता है, ऐसे में आने वाले दिनों में गर्मी के तेवर सहना पड़ सकता है, हालांकि इस दौरान बदली छा रही है, जिससे उमस भरी गर्मी का एहसास हो रहा है।

- **न्यूनतम तापमान सामान्य से 4.7 डिग्री अधिक**

मार्च आते ही कूलर और पंखों के साथ ही एसी की पूछपरख बढ़ गई है, गर्मी के तेवर भी कुछ अलग अंदाज में है, दिन के समय तीखी किरणें चुभने लगी है। अधिकतम तापमान भी बढ़ने लगा है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार मार्च के शुरुआती दिनों में उत्तर और मध्य छत्तीसगढ़ में बादल छाए रहेंगे। बंगाल की खाड़ी में पश्चिमी विक्षोभ के असर से सिस्टम बन रहा है। इसके असर से हवा में नमी की मात्रा बढ़ेगी। इस दौरान न्यूनतम तापमान भी 22.4 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य तापमान से 4.7 डिग्री है। यही वजह है कि रात में भी बिना पंखे के रहा नहीं जा रहा है। अगले 2-3 दिनों तक तापमान में और बढ़ोतरी की संभावना बनी हुई है।




**पौधों को दिया जा रहा पानी**

फरवरी माह के प्रथम सप्ताह से ही शहर के तापमान में बढ़ोतरी हो गई। मार्च के आते-आते पारा सामान्य से ज्यादा हो गया है। धूप में तेजी आने से सड़कों पर लगे पेड़ पौधे सूखने लगे। नगर निगम ने पेड़ों को पानी देने कर्मचारियों की नियुक्ति की है।

### लग चुका है खस का बाजार

गर्मी आते ही लोगों के द्वारा शीतला पहुंचाने के जतन किए जा रहे है, बाजार में खस का बाजार भी सजने लगा है। वहीं कूलर और एसी की मरम्मत भी तेज हो चुकी है। होली के बाद घरों में कूलर और एसी की जरूरत पड़ेगी। इस दौरान शहर के बाजारों में मटका भी बिकने लगा है। चौक चौराहों पर गन्ना रस और लस्सी की दुकानें सज चुकी हैं।

## सिरगिट्टी में हुई वारदात, पुलिस नहीं लगा पाई चोरों का सुराग

# सूने मकान से सात लाख के जेवर ले उड़े चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एक बार फिर चोरों ने सूने मकान में धावा बोलकर आराम से पूरा मकान खंगाल डाला और आलमारी का लाकर तोड़कर सोने चांदी के जेवर व अन्य सामान चोरी कर लिया। चोरी गए सामान की कीमत 7 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

सिरगिट्टी वार्ड क्रमांक 12 निवासी संदीप साहू पिता सुरेश साहू ने बताया, उनका छोटा भाई संजू साहू वार्ड क्रमांक 10 आवासपारा स्थित मकान में परिवार के साथ रहता है। दोनों भाई एक साथ बन्नाक चौक में दुकान चलाते हैं। 1 मार्च को भिलाई पावर हाउस में उनकी चाची की मृत्यु हो गई थी। दोनों भाई दोनों मकानों के दरवाजे में ताला लगाकर परिवार सहित भिलाई पावर हाउस चले गए थे। अंतिम संस्कार होने के बाद रात में वे अकेले शहर लौट गए। उनका परिवार व छोटा भाई परिवार के साथ भिलाई में रूक गए थे। उनके घर में बाइक रखने की जगह नहीं होने पर छोटे भाई संजू के घर बाइक रखने गए तो दरवाजा खुला मिला। उन्होंने छोटे भाई को फोन लगाकर पूछा कि घर के दरवाजे में ताला लगाकर भूल गया है क्या। उसने बताया ताला लगाकर आया है। वे फर्स्ट फ्लोर में गए तो दरवाजा, हाल व रूम के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था और सामान अस्त व्यस्त पड़े थे। आलमारी खुली थी उसमें रखे सोने चांदी के जेवर व अन्य सामान की चोरी हो गई थी। श्री साहू ने बताया चोरों ने उनके मकान से 7 लाख रुपए जेवर व अन्य सामान चोरी कर लिया है। सूचना पर पुलिस घर का मुआयना कर लौट गई।





वह मकान जहां चोरी की वारदात हुई।

**चोरी हुए सामान**

सोने का झुमका 15.5 ग्राम, नथनी 5 ग्राम, बिंदिया 3 ग्राम, चांदी का कमरबंद, पायल दो जोड़ी, मंगलसूत्र 10 ग्राम, सोने का हार, सोने की चेन 12 ग्राम, दो अंगूठी 9 ग्राम, दो नग टाइटन घड़ी।


श्रीमती संतोषी परमेश्वर सिंह ठाकुर
(जिला पंचायत सदस्य जिला मुंगेली)
मा.श्री दारा सिंह राजपूत
(केन्द्रीय अध्यक्ष राजपूत क्षत्रिय समाज पं.क्र.3738)
मा.श्री राम सेवक पैकरा
(पूर्व गृह मंत्री छ.ग.शासन)
शपथ ग्रहण समारोह
ग्राम पंचायत हरनाचाका जनपद पंचायत-लोरमी, जिला-मुंगेली (छ.ग.)
दिनांक: 03.03.2025, समय: दोपहर 2 बजे, स्थान: हरनाचाका (मुंगेली)
नव निर्वाचित सरपंच एवं पंच को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ...
नारायण सिंह राजपूत
(नव निर्वाचित सरपंच ग्राम पंचायत हरनाचाका)
श्रीमती हेमलता राजपूत (पंच वार्ड क्र.1)
श्रीमती बिसाहीन मरावी (पंच वार्ड क्र.2)
श्री रामकुमार राजपूत (पंच वार्ड क्र.3)
श्री जगदीश जांगड़े (पंच वार्ड क्र.4)
श्री नरेश चन्द्राकर (पंच वार्ड क्र.5)
श्रीमती मेली यादव (पंच वार्ड क्र.6)
श्री परसराम यादव (पंच वार्ड क्र.7)
श्री कपिस निर्मलकर (पंच वार्ड क्र.8)
श्रीमती मिलौकिन राजपूत (पंच वार्ड क्र.9)
श्रीमती संतोषी निर्मलकर (पंच वार्ड क्र.10)
श्रीमती संजू राजपूत (पंच वार्ड क्र.11)
श्रीमती जलेश्वरी वैष्णव (पंच वार्ड क्र.12)
श्री नारायण सिंह (पंच वार्ड क्र.13)
विनीत
समस्त ग्रामवासी हरनाचाका
संकलनकर्ता
पी बेनेट हरिभूमि प्रतिनिधि
लालपुर

2- MAR- BSP- P-3 ZIN_Layout 1 3/2/2025 11:46 PM Page 1

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, सोमवार 3 मार्च 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



## शिविर

### स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में दी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी




**बिलासपुर।** भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा द्वारा कलेक्टर अवनीश शरण एवं अध्यक्ष रेडक्रास बिलासपुर के कुशल मार्गदर्शन में जन औषधि सप्ताह के अंतर्गत दूसरे दिन जन औषधि की सस्ती दवा के प्रति आम जनों को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य परीक्षण शिविर कंपनी गार्डन में आयोजित किया गया। सुबह 6.30 बजे से स्वास्थ्य परीक्षण के लिए सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय डॉ अनिल गुप्ता के साथ जिला चिकित्सालय की टीम उपस्थित थी। शिविर में 100 से ज्यादा लोगों की बीपी शुगर की जांच की गई। सिविल सर्जन डॉ गुप्ता ने शिविर में आए लोगों को बताया कि कैसे शुगर एवं बीपी की समस्या से बचा जा सकता है, साथ ही पूरे दिन कि पोषक आहार की जानकारी दी। रेडक्रास सोसायटी के नोडल अफसर डॉ एम. ए.जीवानी एवं पूर्व कार्यकारिणी सदस्य अनिल तिवारी ने लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया।

## आयोजन

### पदाधिकारियों को दायित्व पूर्ण करने किया प्रेरित




**बिलासपुर।** सेंट्रल बंगाली एसोसिएशन ने शनिवार को सभा आयोजित की। इसमें नव निर्वाचित अध्यक्ष बीसी गोलदार ने संगठन के विभिन्न उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। मुख्य संरक्षक मानव चटर्जी ने एसोसिएशन को अपना सपना पूरा करने कटिबद्ध होने को कहा। महासचिव असित वरण दास ने सभी पदाधिकारियों को अपने दायित्व पूर्ण करने हेतु उत्प्रेरित किया। सभा का शुभारंभ संस्था की गीत-धन धन्य पुष्प भरा... से हुआ। संचालक सौमिक दास गुप्ता ने कविता सी बी ये.. से सारी ऊंचाइयों का वर्णन किया। नव निर्वाचित महासचिव असित वरण दास ने समिति के विस्तार की घोषणा की। इसमें मुख्य संरक्षक मानवेंद्र नाथ चटर्जी, डीके चौधरी, डॉ हेमंत चटर्जी, उपदेशक आर एन चटर्जी, सुब्रत बनर्जी, नमिता घोष, विकास घोषाल, उपाध्यक्ष अमित चक्रवर्ती, सुजीत मित्रा, श्री भादुड़ी, मिहिर नाग, कोषाध्यक्ष प्रताप मजूमदार आदि चुने गए हैं।

## कार्यक्रम


### यादव युवक-युवती परिचय सम्मेलन में 340 का पंजीयन



**बिलासपुर।** यादव एकता समिति द्वारा इस साल भी शनिवार को लखीराम आडिटोरियम में यादव युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें 340 लोगों का पंजीयन हुआ है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमर अग्रवाल नगर विधायक, अतिथि सुश्री सरोज पाण्डेय राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, राम कुमार यादव चंद्रपुर विधायक, भुनेश्वर यादव थे। कार्यक्रम में संभाग अध्यक्ष शंकर यादव ने वैवाहिक ग्रुप यादव एकता समिति द्वारा 320 की शादी लगाने पुनः संकल्प लिया। विशिष्ट अतिथि शैलेन्द्र यादव भाजपा मंडल अध्यक्ष, विष्णु यादव पार्षद, संजय यादव पार्षद, प्रकाश यादव, सुनील यादव, रामजी यादव थे। इस मौके पर देव यादव, संजय, मुनू राम, विनीता रामशरण यादव, पूर्व पार्षद प्रियंका उत्तम यादव, यशोदा, शरद, जयश्री, प्रभा, निशि, दुर्गा, नंदकिशोर, राजेश्वरी, अहिल्या अन्य सभी सदस्यों की उपस्थिति रही।

## राहत

### चौक-चौराहों में सजने लगी जूस गन्ना रस की दुकानें



**बिलासपुर।** गर्मी की दस्तक के साथ ही शहर के चौक-चौराहों में जूस, गन्ना रस, ककड़ी की दुकानें सजने लगी है। लोग गर्मी से राहत पाने इसे पीने भी लगे हैं। नारियल पानी की भी डिमाण्ड बढ़ गई है। लोग अपनी पसंद व बजट के अनुरूप इसे लेकर अपना गला तर कर रहे हैं। बीते कुछ दिनों से गर्मी तेज होने लगी है। सुबह होते ही सूरज की चिलचिलाती गर्मी लोगों को खासा परेशान भी कर रही है। पारा भी 30 डिग्री से ऊपर जा रहा है। ऐसे में तेज गर्मी से बचना भी जरूरी है। इसके लिए लोग काफी पानी पीते हैं जो कि जरूरी भी है। डायटिशियनों का कहना है कि शरीर को पर्याप्त मात्रा में पानी न मिले, तो बॉडी डिहाइड्रेट होने लगती है। ऐसे में शरीर को सर्दी जैसी ठंडक देने कुछ जूस का सेवन करना बेहतर होता है। जूस गर्मी के मौसम में कई तरह के फायदे देते हैं। ये शरीर को ठंडक देने के साथ पूरे दिन हाइड्रेट और फ्रेश रखने में मदद करता है।

# ओडिसी नृत्य, दुर्गा तांडव की प्रस्तुति ने मोहा मन

अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती जिला इकाई बिलासपुर द्वारा नाट्य शास्त्र के प्रणेता आचार्य भरत मुनि जयंती समारोह के तहत कला गुंजन की प्रथम कड़ी का आयोजन रविवार को रेलवे महाराष्ट्र मंडल टिकरापारा में किया गया। इसमें अंतरराष्ट्रीय कथक एवं ओडिसी नृत्यांगना आंचल पांडेय ने पारंपरिक वेश में ओडिसी नृत्य व दुर्गा तांडव की प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। वहीं उर्वशी की शास्त्रीय संगीत ने माहौल को संगीतमयी बनाया।





## शास्त्रीय संगीत ने माहौल को बनाया संगीतमय

### महाराष्ट्र मंडल टिकरापारा में भरत मुनि जयंती समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ विवेक अम्बलकर प्राध्यापक थे। अध्यक्षता सुनील चिपड़े संस्थापक अग्रज नाट्य दल ने की। विशिष्ट अतिथि मोहन देवपुजारी अध्यक्ष रेलवे महाराष्ट्र मंडल बिलासपुर थे। संस्था के जिला महामंत्री बालमुकुंद श्रीवास ने बताया कि विगत वर्ष 2024 में इस आयोजन का संचालन बाल संगीत सभा के नाम से अनवरत 10 माह तक किया गया था। जिसमें अंचल ही नहीं बल्कि बलौदा, कोरबा, जांजगीर के कला साधकों की प्रस्तुति हो चुकी है। इस वर्ष इस आयोजन को नए नाम कला गुंजन के रूप प्रारंभ किया गया है। जिसमें कला की विभिन्न विधाओं संगीत, नृत्य, नाट्य, साहित्य, चित्रकला, भू-अलंकरण आदि का आयोजन स्थानीय एवं आसपास के कला साधकों को लेकर किया जाएगा। जिसकी प्रथम कड़ी के आयोजन में शहर की सुप्रसिद्ध नृत्य कला साधिका आंचल पांडेय एवं उर्वशी मिश्रा शास्त्रीय संगीत ने प्रस्तुति दी। इन दोनों प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। इस मौके पर कला प्रेमियों एवं नागरिकों की उपस्थिति रही।



### विदेशों में दे चुकी हैं प्रस्तुति

नृत्यांगना आंचल पाण्डेय नृत्यधारा डांस अकादमी की निर्देशिका है। जिन्होंने अपनी कला की प्रस्तुति न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि मलेशिया, सिंगापुर, जापान, कोरिया, आफ्रिका, अरब, दुबई सहित कई स्थानों पर दे चुकी है। वहीं उर्वशी शास्त्रीय संगीत में निपुण है।



### 8 शास्त्रीय नृत्यों में से एक है कथक

कथक नृत्य भारत के 8 शास्त्रीय नृत्यों में से एक है। कथक उत्तर प्रदेश का एक शास्त्रीय नृत्य है। इसकी उत्पत्ति ब्रजभूमि की रास लीला से हुई है। 'कथक' शब्द संस्कृत शब्द कथाकार से आया है। जिसका अर्थ कहानीकार है। इस नृत्य में कलाकार चेहरे के भावों के माध्यम से कथा को व्यक्त करते हैं। कथक शास्त्रीय नृत्य का एकमात्र रूप है जो उत्तर भारतीय संगीत से संबंधित है।

# महापौर का वन्दे मातरम् मित्र मंडल ने किया सम्मान




**बिलासपुर।** वंदे मातरम् मित्र मंडल की 186 वीं बैठक का आयोजन हेमू नगर स्थित आशीर्वाद भवन में रखी गई थी। इस दौरान नवनिर्वाचित महापौर श्रीमती पूजा विधानी का पुष्प गुच्छ, शाल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंटकर मंडल के सदस्यों ने सम्मान किया। डॉ. अविजित रायजादा को लाइफ टाइम अचीवेंट अवार्ड मिलने पर सम्मान दिया गया।

वंदे मातरम् मित्र मंडल के प्रांत अध्यक्ष महेंद्र जैन ने मंडल के गठन और उपलब्धियों के विषय में बताते हुए कहा कि वंदे मातरम् मित्र मंडल सनातनियों को एकत्रित करने, एक सूत्र में पिरोने, एक दूसरे के सुख दुख में खड़े होने की भावना को जागृत करने के उद्देश्य से बनाया गया है। 11 लोगों से प्रारंभ किया गया यह संगठन आज 5000 सदस्यों की संख्या के साथ शहर के चार विभिन्न दिशाओं में कार्यरत है। विभिन्न कार्यों के साथ चैरिटेबल ओपीडी प्रारंभ करने का विचार है, जिसे मूर्त रूप देने का प्रयास किया जा रहा है। महापौर पूजा विधानी ने वंदे मातरम् मित्र मंडल के सनातनियों को एकत्रित करने के उत्कृष्ट कार्य की सराहना की। बैठक में डॉक्टर अविजीत रायजादा ने मधुमेह, बीपी से संबंधित समस्याओं और उनसे बचने के विभिन्न उपायों के बारे में विस्तृत चर्चा के माध्यम से जानकारी दी। समाज के अध्यक्ष वेणुगोपाल ने तेलगु समाज के लोगों से वन्दे मातरम् मित्र मंडल से जुड़ने का अनुरोध किया। इस अवसर पर एसएन तिवारी, पूर्णिमा पिल्लै, सुजाता माणिक, महेन्द्र पटनायक, सौरभ दुवे, बालकिशन विश्वकर्मा, ज्ञान सिंह राजपाल, दिनेश जैन, कृष्णा कोरी, राजेश जायसवाल, पी पी सोनी आदि उपस्थित थे। नव निर्वाचित पार्षद वल्लभ राव एवं तेलगु समाज के अध्यक्ष वेणुगोपाल को भी पुष्प गुच्छ, स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। सौरभ दुबे के द्वारा शपथ ग्रहण करवाया गया एवं पृथ्वी सहगल के द्वारा आभार प्रदर्शन करते हुए बैठक का समापन हुआ।

# युवा चंद्रशेखर आजाद से लें प्रेरणा : जयदेव

आर्य समाज वसुंधरा विहार के साप्ताहिक सत्संग कार्यक्रम में रविवार को हवन किया गया। अंजली पटेल ने देशभक्ति गीत सुनाया। आचार्य जयदेव शास्त्री ने कहा कि युवा चंद्रशेखर आजाद से प्रेरणा लें।

### साप्ताहिक सत्संग में हवन कर गाए गए देशभक्ति गीत

बिलासपुर। अरविंद गर्ग ने सभी को प्रेरणा दी कि जड़ों को मजबूत करने से हमारी संस्कृति और सभ्यता अधिक फलेगी फूलेगी। हमारी जड़ें वेद, हमारे पूर्वज, महापुरुष हैं। सभी युवाओं को वेदों की ओर लौटकर पूर्वजों से प्रेरणा लेनी चाहिए। आचार्य जयदेव शास्त्री ने कहा कि किसी भी देश के प्रेरणा स्त्रोत उस देश के महापुरुष होते हैं युवाओं को इतिहास से सीख लेनी चाहिए। उन्होंने चंद्रशेखर आजाद की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि चंद्रशेखर आजाद का भी सपना केवल घर, गृहस्थी में रहकर अपना जीवन यापन करना हो सकता था लेकिन ऐसा जीवन पशुओं का जीवन होता है उसने अपने जीवन को सार्थक बनाने देश की सेवा करने की बात को मुख्य समझा। अनेक कष्ट सहते हुए भी देश की आजादी में अपना योगदान दिया। अंत में देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। युवा चंद्रशेखर आजाद से प्रेरणा लें। उन्होंने कहा कि आज के युवा दिशा व दशा दोनों से भटक रहे हैं। इनको सही दिशा में लाने महापुरुष और क्रांतिकारियों की जीवनियों को पढ़ना और सुनना होगा। आर्य समाज के उप मंत्री जितेंद्र पटेल ने युवाओं को व्यसनों से दूर रहने के लिए भजन के माध्यम से प्रेरणा दी। कार्यक्रम में आशीष बत्रा, विक्की केंवट, देव यादव, राम चावला, दुखभंजन जायसवाल, शकुंतला पटेल, निधि बत्रा, प्रतीक गुप्ता, अश्वनी जायसवाल, ओम चावला उपस्थित रहे।



### जरूरी है युवाओं को दिशा देना

श्री शास्त्री ने कहा कि युवा देश के रीड की हड्डी होते हैं। युवा जिस दिशा में चल देता है, देश भी उसी दिशा में चल पड़ता है इसलिए युवाओं को दिशा देना बहुत जरूरी है और वह काम आर्य समाज वसुंधरा विहार बहतराई रोड कर रहा है। आर्य समाज में 50 महापुरुष और क्रांतिकारियों के चित्र लगा रखें हैं। जिसे बच्चों, युवाओं को दिखाकर उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हैं। जिससे वे प्रेरणा ले सके। अपने जीवन को देश, समाज, राष्ट्र के लिए अर्पित कर सके।

# शिव दर्शन मेला का किया अवलोकन

ब्रह्माकुमारीज जोरापारा सरकंडा सेवा केंद्र की ओर से रामायण चौक चांटीडीह के पास शिव दर्शन मेला लगाया गया। जिसमें एक अद्भुत गुफा का निर्माण कर उसमें 12 ज्योतिर्लिंग का नाम और उसके पीछे के रहस्य को दर्शाया गया। इसका महापौर पूजा विधानी सहित अन्य श्रद्धालु भक्तों ने दर्शन लाभ लिया।

सेवा केंद्र की बीके राधे ने बताया कि अमरनाथ बर्फानी बाबा पूरे चांटीडीह में आकर्षण का केंद्र बना रहा। श्रद्धालु, भक्त इस गुफा के बर्फानी बाबा का दर्शन प्राप्त कर बहुत खुशी अनुभव किए। साथ ही कुंभकरण की झांकी और गौरी शंकर की चैतन्य मूर्ति का सैकड़ों लोगों ने दर्शन किए। शिव दर्शन मेले के अवलोकन के बाद महापौर ने कहा कि अपने भीतर की बुराई को भगवान भोलेनाथ पर अर्पित कर अपने जीवन को सुखमय, शांतिमय बनाएं। हमें पतित से पावन बनाने वाले ऐसे भोले भंडारी की जयंती पर अपने अंदर की बुराई को गिफ्ट के तौर पर उसके सामने रख दें तो सचमुच जीवन सुंदर बन जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में बीके संध्या, बीके रवि भाई, बीके सूर्य, बीके मंजू, बीके सीमा, बीके संजना, बीके सौम्या सहित पूरे ब्रह्माकुमारीज परिवार का सहयोग रहा।




## स्पोर्ट्स न्यूज

# नेशनल गेम्स में कोटा कॉलेज की छात्रा ने जीता मेडल

**बिलासपुर।** शासकीय निरंजन केशरवानी महाविद्यालय कोटा के बीए प्रथम सेमेस्टर के छात्र आशीष कुमार व बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा सुलोचना राज का उत्तराखंड में आयोजित 38 वें नेशनल गेम्स 2025 के खेल विद्या-तीरंदाजी प्रतियोगिता में चयन हुआ है। दोनों छात्रों ने छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए मेडल प्राप्त किया है।

उत्तराखंड में आयोजित उक्त प्रतियोगिता में आशीष कुमार का चयन एकल तीरंदाजी के लिए व टीम गेम में छात्रा सुलोचना राज ने भाग लिया था। सुलोचना ने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया है। महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी राजेश सिंह ने बताया कि ऐसा प्रथम अवसर रहा है कि कोटा महाविद्यालय की किसी छात्रा ने लगातार तीन बड़ी प्रतिस्पर्धाओं में चयन और मेडल हासिल किया है, जिसमें अखिल भारतीय खेल 2024 केआईआईटी विश्वविद्यालय ओड़िसा संस्करण में कांस्य पदक और उसके बाद सीनियर नेशनल गेम्स 2024 टाटा जमशेदपुर संस्करण में रजत पदक हासिल किया। इसी क्रम में नेशनल गेम्स के 38वें उत्तराखंड में न केवल चयन प्राप्त किया बल्कि कांस्य पदक भी प्राप्त किया है। दोनों छात्रों ने बाल्यावस्था से ही इस खेलविद्या के अभ्यास के लिए शिवतराई कोटा स्थित तीरंदाजी मैदान में कोच इतवारी राज जो की छात्रा सुलोचना के पिता भी है जिनके नेतृत्व में अभ्यास करते आ रहे हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. नाज बेंजामिन ने पदक प्राप्त छात्रा सुलोचना राज को कांस्य पदक प्राप्त करने एवं माता-पिता एवं महाविद्यालय का नाम रोशन करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि निश्चित ही इनकी मेहनत एक उत्कृष्ट परिणाम को प्राप्त करेगी साथ ही भविष्य में इनकी मंजिल को प्राप्त करने के लिए मार्ग प्रशस्त करेगी। महाविद्यालय के सभी अधिकारी कर्मचारी ने पदक प्राप्त छात्रा सुलोचना और इस प्रतियोगिता में चयनित छात्र आशीष कुमार का महाविद्यालय में स्वागत किया और बधाई व शुभकामनाएं भी दीं।





# एशियन चैम्पियनशिप में शामिल होने संजू देवी ने भरी उड़ान

स्व. बीआर यादव राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र बहतराई में छत्तीसगढ़ शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित बालिका आवासीय कबड्डी प्रशिक्षण केन्द्र की खिलाड़ी कु. संजू देवी का चयन 4 से 9 मार्च तक ईरान की राजधानी तेहरान में आयोजित 6वीं सीनियर महिला एशियन कबड्डी चैम्पियनशिप के लिए हुआ है, जिसमें भाग लेने के लिए संजू देवी रविवार को नई दिल्ली से तेहरान के लिए रवाना होंगी। छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ की राज्य निर्माण पश्चात पहली अंतर्राष्ट्रीय उपलब्धि पर महासचिव प्रदीप यादव, कोषाध्यक्ष सेवा राम साहू, प्रदीप मिश्रा, राम कुमार धनकर, राजेश पटनायक ने अध्यक्ष शशिकांत बघेल एवं सांसद विजय बघेल को शुभकामनांए दी तथा खेल विभाग की ओर से विशेष सहयोग के लिए सचिव हिमशिखर गुप्ता एवं संचालक श्रीमती तनुजा सलाम सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण बिलासपुर ए. एक्का, खेल अधिकारी सुशील अमलेश, वरिष्ठ प्रशिक्षक दिल कुमार राठौर को धन्यवाद ज्ञापित किया।



2-MAR--REGNOL-pg-4-COMMAN_Layout 1 3/2/2025 11:33 PM Page 1



## पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल रहे मौजूद

# पालिका अध्यक्ष जालान ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

नगर पालिका परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राकेश जालान ने रविवार को अध्यक्ष पद की शपथ ली। इसके साथ ही वार्ड क्रमांक 4 की पार्षद चंदा तिवारी ने भी शपथ ली। पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल और कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष उत्तम वासुदेव की उपस्थिति में एसडीएम अमित बेग ने सभी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

आगामी पांच वर्ष तक अब पुनः पेंड्रा शहर के विकास की बागडोर राकेश जालान के हाथो होगी। नगर पालिका परिषद के चुनाव में ऐतिहासिक जीत के बाद आज हाई स्कूल स्थित असेंबली हॉल के प्रांगण में शपथ समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उत्तम वासुदेव ने की। उनकी मौजूदगी में एसडीएम अमित बेग ने नवनिर्वाचित राकेश जालान को पेंड्रा नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई। उक्त कार्यक्रम में वार्ड क्रमांक 4 की पार्षद चंदा तिवारी ने भी शपथ लिया। शेष 14 पार्षदों ने कार्यक्रम से दूरी बनाई। मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने राकेश जालान को जीत की बधाई दी और कहा कि पार्टी का एक निर्णय होता है। पार्टी ने राकेश जालान को टिकट नहीं दिया फिर भी उन्होंने निर्दलीय चुनाव लड़कर जीत हासिल की है उन्होंने कहा की जनादेश है जिसको स्वीकार करना हम सब का दायित्व है। मैने स्वयं प्रभारी मंत्री रहते हुए जालान की कार्यशैली देखी है आज जिस हम असेंबली हॉल में बैठे हैं उसकी पहले क्या स्थिति थी और आज क्या है। मुझे पूरी उम्मीद है कि वे जनता के हितों में खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे।


शपथ ग्रहण समारोह में शामिल पूर्व मंत्री जयसिंह।

पेंड्रा के नगर पालिका परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राकेश जालान ने कार्यक्रम में आए सभी नगर की जनता का आभार व्यक्त किया और कहा कि मैं हमेशा आप की उम्मीदों पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करूंगा, साथ ही कहीं पर भी आपको ऐसा नहीं लगेगा कि अपने अध्यक्ष चुना है आपने एक अपने परिवार का सदस्य चुना है।

शपथ ग्रहण समारोह में पूर्व विधायक के के ध्रुव, पूर्व विधायक डॉ विनय जयसवाल, कोरबा पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद, बिलासपुर कांग्रेस जिला अध्यक्ष विजय केसरवानी, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष इकबाल सिंह, समाजसेवी जगदम्बा पसारी, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता शंकर पटेल, प्रशांत श्रीवास, मो. साजिद खान, जैलेश सिंह, विद्या राठौर, मंजू ठाकुर, रईस खान, शशांक शर्मा, सौभाग्य सिंह ठाकुर, दानिश खान, सार्थक गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।


परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते अफसर।

## बोर्ड परीक्षा केन्द्रों का जिला स्तरीय उड़नदस्ता ने किया सघन निरीक्षण

**पेंड्रा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा 1 मार्च से प्रारंभ हो चुका है। परीक्षा के पहले दिन कक्षा 12वीं के हिन्दी विषय का पेपर जिले के 28 परीक्षा केन्द्रों में शांतिपूर्ण एवं सुचारू रूप से सम्पन्न हुई। परीक्षा में पंजीकृत 2772 विद्यार्थियों में 2708 विद्यार्थी उपस्थित रहे। कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी द्वारा परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों की रोक थाम, निगरानी एवं कार्रवाई के लिए जिला स्तरीय उड़नदस्ता दलों का गठन किया गया है।

जिला स्तरीय उड़न दस्ता दल क्रमांक एक में दल प्रभारी के.के. सिंह कार्यपालन अभियंता जल संसाधन, दल क्रमांक दो में दल प्रभारी गोपेश मनहर सहायक आयुक्त आदिवासी विकास एवं दल क्रमांक तीन में दल प्रभारी जगदीश कुमार शास्त्री जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। इनमें शासकी शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षण महाविद्यालय पेण्ड्रा, शा.उ.मा.वि. आमाडांड, शा.उ.मा.वि. नवागांव, सेजेस मरवाही, शा.क.उ.मा.वि. मरवाही, शा.उ.मा.वि. परासी, शा.उ.मा.वि. जोगीसार, शा.उ.मा.वि. खोडरी एवं मिश्री देवी शा.उ.मा.वि. गौरेला में बनाए गए परीक्षा केन्द्रों का निरिक्षण किया गया है।

जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि परीक्षार्थियों हेतु परीक्षा केन्द्रों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता के साथ परीक्षार्थियों को भयमुक्त वातावरण में परीक्षा देने तथा परीक्षा के दौरान अनुचित साधनो का प्रयोग रोकने हेतु निरिक्षण सततत रूप से जारी रहेगा।

### खबर संक्षेप

## सेंवार स्कूल में 6 नए क्लास रूम का किया गया उद्घाटन



**बोदरी।** ग्राम पंचायत सेंवार स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में राउंड टेबल इंडिया 283 द्वारा निर्मित 6 नए क्लास रूम का रविवार को चेयरमैन कुलदीप साहू वह अन्य सदस्यों की मौजूदगी में उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष कुलदीप साहू ने कहा कि हम ऐसे स्कूलों में नए क्लास रूम का निर्माण इसलिए करते हैं ताकि गांव क्षेत्र की छात्र-छात्राओं अच्छे से पढ़ाई-लिखाई कर अपने गांव का विकास पूर्ण तरीके से कर सकें। उन्होंने कहा कि हम मकान निर्माण पूर्ण करने के बाद क्लास रूम को सरकार को सौंप देते हैं। उन्होंने आगे बताया कि अभी तक पिछले 8 वर्षों में बिलासपुर जिले में 22 नए क्लास रूम का निर्माण सेवार के 6 क्लास रूम को मिलाकर बनाया जा चुका है कहां। इस अवसर पर संस्कृत चित्र माध्यमिक विद्यालय सेवार के प्रिंसिपल पिंकी सिंह ने राउंड टेबल इंडिया के सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

## सहायक प्राध्यापक मीरा को मिली डाक्टरेट की उपाधि

**तखतपुर।** शासकीय जेएमपी महाविद्यालय में सहायक प्राध्यापक के पद पर कार्यरत मीरा गुप्ता को कला संकाय अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट की उपाधि दी है। उन्होंने यह शोध डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय कोटा से पूर्ण किया। उनके शोध का विषय प्रधानमंत्री जन-धन योजना का ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर प्रभाव मुंगेली जिले के विशेष संदर्भ में था। इन्होंने अपना शोध कार्य डॉ. शुचि शर्मा के मार्गदर्शन में पूर्ण किया। इनके शोध का उद्देश्य ग्रामीण एवं असंगठित क्षेत्र के लोगों में वित्तीय जागरूकता एवं साक्षरता को बढ़ाना, जिससे वित्तीय अस्पृश्यता को कम किया जा सके और इन लोगों को समाज की मुख्य धारा में लाया जा सके।



## बच्चों ने मॉडल में दिखाया वर्तमान युग विज्ञान का



**तखतपुर।** नव जागृति उच्चतर माध्यमिक शाला में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर छात्र-छात्राओं द्वारा विज्ञान मॉडल का प्रदर्शन किया गया जिसमें कक्षा चौथी से कक्षा ग्यारहवीं के बच्चों ने अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया इन बच्चों ने अपने ज्ञान और कला के माध्यम से विज्ञान मॉडल का निर्माण किया। बच्चों ने मॉडल के माध्यम से सभी को यह संदेश दिया कि वर्तमान युग विज्ञान का युग है यह कोई अतिशंयोक्ति नहीं है हर चीज आज विज्ञान के सिद्धांत पर ही कार्य करते हैं इसे नकारा नहीं जा सकता किंतु इसका सदुपयोग करें तभी यह सकारात्मक परिणाम देते हैं। संस्था की प्राचार्य संस्थापिका ने विज्ञान के महत्व से बच्चों को अवगत कराया। संस्था प्रभारी समित सैमुएल तथा आइरिस बरखा सैमुअल ने अपने उद्बोधन में डॉक्टर सीवी रमन द्वारा खोजे गए रमन प्रभाव पर प्रकाश डाला। इस मौके पर दुर्गेश धुरी, अंजनी जांगड़े, सुनती पटेल, गीता यादव समेत संस्था के समस्त शिक्षक मौजूद रहे।

## शर्मा की सिंपल मुखबिरी से हाईटेक पुलिसिंग तक के अनुभवों का लाभ लें: एएसपी



**सीपत।** पुलिस विभाग में 38 वर्ष सेवा देने के बाद एसआई युगल शर्मा 28 फरवरी 2025 को सेवानिवृत्त हो गए। उनके सेवानिवृत्ति पर शनिवार को सीपत थाना में विदाई समारोह का आयोजन कर उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। थाना के पुलिस कर्मियों के अलावा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने उन्हें सम्मानित किया और उनके कार्यों की प्रंशसा की। नगर उपपुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बघेल ने कहा कि श्री शर्मा 38 वर्ष पूर्व देखे हुए सपनो को अब पूरा करे। अन्य पुलिसकर्मी भी उनके सिंपल मुखबिरी से लेकर हाईटेक पुलिसिंग तक के अनुभवों का लाभ लें। नवनिर्वाचित जिपं. सदस्य राजेंद्र धीवर ने कहा कि श्री शर्मा ने क्षेत्र में सहजता और सेवा के नाम पर क्षेत्र में अमिट छाप छोड़ी है। कार्यक्रम को वरिष्ठ भाजपा नेता दिलेन्द्र कौशील, भाजपा मंडल महामंत्री अभिलेश यादव, टीआई गोपाल सतपथी ने भी संबोधित किया। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता द्वारिकेश पांडेय, सरकंडा टीआई नीलेश पांडेय, जनपद सदस्य मनोज खरे, मन्नू सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा, श्रीमती सावित्री शर्मा, अक्षय शर्मा, आशीष शर्मा, संतोष गोयल, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, खांडा सरपंच कांता कैवर्त, भोज यादव सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व पुलिस स्टॉफ उपस्थित रहे।

## चोरमा में अखंड नवधा रामायण 8 तक

**तखतपुर।** ग्राम चोरमा में 26 फरवरी से 8 मार्च तक अखण्ड नवधा रामायण का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें पूरे क्षेत्र की मानस टोलियां रामचरित मानस का गायन और वादन कर रही है। यज्ञ में आचार्य ईश्वर तिवारी मुख्य यजमान लता जगदीश गोस्वामी, राजकुमार दूजराम कश्यप है।

## कांग्रेसजन ने पूर्व पार्षद सोम को दी श्रद्धांजलि



**मुंगेली।** जिला कांग्रेस कमेटी मुंगेली के महामंत्री एवं पूर्व पार्षद सोम वर्मा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके 2 मिनट का मौन धारण किया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम वर्मा, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष स्वतंत्र मिश्रा, घनश्याम वर्मा, संजीत बनर्जी, चंद्रभान बारमते, श्याम वर्मा, स्वतंत्र मिश्रा संजय यादव, थानेश्वर साहू, दीपक गुप्ता, जैतराम खांडे, दिलीप बंजारा, सागर सोलंकी, अरविन्द वैष्णव संजय जायसवाल एजाज खोखर मनोज सोनकर श्रवण सोनकर अजय साहू, याकूब अली, राजा मानिक, जित्तू श्रीवास्तव उर्मिला यादव, मंजू शर्मा, मोना नागरे नूरजहाँ, निधी सिंह ठाकुर दादू मल्हा, कलेश्व गर्ग, रमेश सिंह राजपूत, बशीर शेख, पुष्पा धृतलहरे, राहुल रुपवानी, साधना वर्मा, शिव कुमार, रवि प्रकाश, मकबूल खान, अरुण कुलमित्र, संदीप यादव शत्रुघ्न सोनकर रवि वर्मा, नवनीत शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

## शिक्षकों को लेकर बजट में प्रावधान रखने मांग



**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ ने शिक्षकों की वेतन विसंगति, क्रमोन्नती और पूर्ण पेंशन की मांग को लेकर सरकार से आगामी बजट में प्रावधान करने की मांग की है। संघ के जिलाध्यक्ष दीपक वेंताल ने बताया की प्रदेश के एलबी संवर्ग के शिक्षक प्रधानमंत्री की गारंटी अब तक लागू ना होने से नाराज है भाजपा के घोषणा पत्र मे सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करने, क्रमोन्नती वेतनमान देने, लंबित मंहगाई भत्ता और एरियर्स राशि देने का वादा किया गया था। शिक्षक संगठन ने मांग की है की प्रथम नियुक्ति तिथि से पूर्व सेवा की गणना कर पुरानी पेंशन दी जाए। केंद्र सरकार की तरह 20 वर्ष की सेवा मे पूर्ण पेंशन का प्रावधान किया जाए। संघ के जिला सचिव नेमीचंद भास्कर एवं ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गेश देवांगन ने बताया कि सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति, क्रमोन्नती और केंद्र के सामान मंहगाई भत्ता देने का मुद्दा 2023 के विधानसभा चुनाव के घोषणा पत्र में भी शामिल था।

## सहकारी आंदोलन को दें मजबूती: कलेक्टर



**मुंगेली।** जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में जिला सहकारी विकास समिति की बैठक कलेक्टर राहुल देव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कलेक्टर ने 'सहकार से समृद्धि' के विजन को साकार करने, सहकारी आंदोलन को मजबूती प्रदान करने, इसकी जमीनी स्तर पर पहुंच बनाने एवं सहकारी क्षेत्र में विश्व की सबसे बड़ी अनाज भण्डारण योजना के क्रियान्वयन एवं निगरानी के लिए विभिन्न कार्य योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने ग्राम पंचायत में बहुद्देशीय समितियों की स्थापना, स्व सहायता समूह का सहकारी समितियां के रूप में पंजीयन, प्राथमिक कृषि सहकारी समितियां के कंप्यूटराइजेशन, प्रधानमंत्री जन औषधि सहित विभिन्न सहकारी गतिविधियों के प्रगति के संबंध में जानकारी ली तथा सहकारी समितियों को सशक्त एवं मजबूत बनाने बेहतर कार्य योजना के साथ कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया।

### निधन

## राम बाई साहू



**तखतपुर।** भथरी निवासी रामबाई साहू का 1 मार्च को 97 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे बिहारी लाल साहू के मां, एवं शैलेन्द्र साहू (पूर्व जनपद सदस्य मुंगेली) योगेंद्र साहू धर्मेंद्र साहू संदीप साहू के दादी थी। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम भथरी में किया गया।

## खेमराव मराठा



**तखतपुर।** ग्राम सागर निवासी खेमराव मराठा का 82 वर्ष की आयु में 1 मार्च को निधन हो गया। वे मनीराम मराठा के भाई, मेलु राव के पिता और सोनू राव के दादा थे। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम सागर में किया गया।

## तीरथ राम केवरा



**मोपका।** वार्ड क्रमांक 48 निवासी सामाजिक कार्यकर्ता तीरथ राम केवरा का 2 मार्च को सुबह 8 बजे निधन हो गया। वे 75 वर्ष के थे। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे कैलाश राम, सतीश कुमार, हेमंत, सुखचैन, मनोज कुमार, विष्णु के पिता थे।

## अन्नपूर्णा सिहोरे



**बिलासपुर।** नगर पंचायत बोदरी निवासी स्व. रमेश सिहोरे की पत्नी अन्नपूर्णा सिहोरे का 2 मार्च को निधन हो गया। वे 45 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार बोदरी मुक्तिधाम में किया गया। वे अराधना, अंजली, अंकिता, आंचल, ओम, शिवम सिहोरे की माता थीं।

## सूने मकान से 50 हजार पार, आरोपी गिरफ्तार

**मुंगेली।** सूने मकान में चोरी करने वाले आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी से 36 हजार रुपए नकद एवं घटना में प्रयुक्त हसिया को बरामद किया गया। आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

पुलिस के अनुसार सिटी कोतवाली थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम मानपुर निवासी प्रेमकुमार महिलांग पिता मोहन महिलांग उम्र 30 वर्ष 20 फरवरी को अपनी बुआ सम्मत बाई के साथ ग्रामीण बैंक मुंगेली से 01 लाख रुपए निकालकर लाया था। जिसमे से 50 हजार रुपए को बुआ सम्मत बाई को दिया था। शेष 50 हजार रुपए को अपने घर के आलमारी में लाकर रखा था। 21 फरवरी को के सुबह 06 बजे अपने परिवार सहित खेत में काम करने चला गया था। लगभग 11 बजे प्रेमकुमार अपने परिवार सहित खेती कर वापस अपने घर आया तो देखा कि घर के पीछे का दरवाजा खुला था। कमरे में आलमारी का लॉकर टूटा हुआ था। आलमारी में रखे 50 हजार को मकान सूना पाकर कोई अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर ले गया था। प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 331(3), 305 (ए) बीएनएस के तहत थाना सिटी कोतवाली मे मामला दर्ज कर विवेचना मे लिया गया। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि पड़ोस में रहने वाला तुलेश्वर महिलांग को आसपास घूमते देखा गया है। संदेह पर पुलिस ने तुलेश्वर महिलांग से पूछताछ की, जिस पर आरोपी ने प्रार्थी प्रेमकुमार के घर से ऑलमारी में रखे पैसे को चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर रिमाण्ड पर जेल दाखिल किया गया है।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## शुक्ल कॉलेज में कोर्स प्रबंधन पर कार्यशाला

**सीपत।** शासकीय मदनलाल शुक्ल महाविद्यालय सीपत में आगामी परीक्षा और प्रथम सेमेस्टर के बाद द्वितीय सेमेस्टर हेतु न्यू एजुकेशन पॉलिसी के अनुसार कोर्स प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नैप के संयोजक डॉ रघुनंदन पटेल ने प्रोजेक्टर के माध्यम से उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारिक वेबसाइट के अनुसार डीएससी, डीएसई, जीई, एवं एसईसी कोर्स के निर्धारित करिकुलम की जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम में उपस्थित प्राचार्य डॉ राजीव शंकर खेर ने शिक्षक और विभागाध्यक्ष को परीक्षा और नए कोर्स के विषय में सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षक की जिम्मेदारी है कि शिक्षक बोर्ड ऑफ स्टडी से कम्युनिटी बनाकर छात्रों की समस्याओं का निराकरण करने को तत्पर रहे। डॉ खेर ने आगे कहा कि शिक्षक ही छात्रों को बता सकता है कि छात्रों को किस विषय का चयन करना चाहिए। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक नीना बखारिया, डॉ एमडी स्वर्णकार, डॉ के वेणु अचारी, प्रो श्वेता पंड्या, प्रो जीवन प्रभाकर गोरे, वंदना श्रीवास्तव, शत्रुहन घृतलहरे, शुभांगी शर्मा, माधुरी व्यास, स्वाति पांडे, डॉ पूजा यादव, सुकृति नायक, सृष्टि माखीजा, क्रीड़ा अधिकारी अरविंद सिंह, लाइब्रेरियन पुष्पा साहू, अंजना, धनंजय कुमार टंडन, सहित सभी अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे।



कार्यशाला में कोर्स की जानकारी देते हुए प्राचार्य।

## ईडी के विरोध में कांग्रेस ने किया पुतला दहन


पुतला दहन करते कांग्रेसी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की तानाशाहीपूर्ण कार्रवाई और केंद्र की भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरोध में जिला-शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान मे पुतला दहन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस पुतला दहन कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने कहा कि जिस प्रकार की तानाशाही और जनता की आवाज आवाज दबाने का कार्य किया जा रहा है हम इसका विरोध करते हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर उक्त कार्यक्रम को रखा गया था जिसमे बडी संख्या मे हमारे कार्यकर्ताओ ने एक जुट होकर हिस्सा लिया। आने वाले वाले समय मे जनता ऐसे तानाशाही का जवाब देगी। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष स्वतंत्र मिश्रा ने कार्यक्रम मे आए सभी कार्यकर्ताओ का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर घनश्याम वर्मा, संजीत बनर्जी, चंद्रभान बारमते, श्याम वर्मा, स्वतंत्र मिश्रा संजय यादव, थानेश्वर साहू, दीपक गुप्ता, जैत राम खांडे, दिलीप बंजारा, सागर सोलंकी, अरविन्द वैष्णव संजय जायसवाल एजाज खोखर मनोज सोनकर श्रवण सोनकर, अजय साहू, याकूब अली, राजा मानिक, जित्तू श्रीवास्तव श्रीमती उर्मिला यादव, मंजू शर्मा, मोना नागरे नूरजहां, निधी सिंह ठाकुर, दादू मल्हा, कलेश्व गर्ग, रमेश सिंह राजपूत, बशीर शेख, पुष्पा धृतलहरे, राहुल रुपवानी, साधना वर्मा, शिव कुमार, रवि प्रकाश, मकबूल खान, अरुण कुलमित्र, संदीप यादव, शत्रुघ्न सोनकर, रवि वर्मा, नवनीत शुक्ला उपस्थित रहे।

## आर्यन को सॉफ्टबॉल स्पर्धा में मिला स्वर्ण पदक

**मुंगेली।** जिला मुंगेली सॉफ्टबॉल एसोसिएशन के खिलाड़ी आर्यन ताम्रकार ने राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया है। सॉफ्टबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में 46वीं सीनियर राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल पुरुष-महिला प्रतियोगिता का आयोजन महाराष्ट्र के अमरावती में 22 से 26 फरवरी तक किया गया, जिसमे छत्तीसगढ़ के दोनों वर्गों की टीम ने हिस्सा लिया था।

पुरुष टीम ने आठवीं बार स्वर्ण पदक प्राप्त कर इतिहास रच दिया है। इस प्रतियोगिता में सॉफ्टबॉल एसोसिएशन के पुरुष वर्ग की टीम में शहर के अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ी आर्यन ताम्रकार का चयन हुआ था। सॉफ्टबॉल की 46 वीं सीनियर नेशनल चौंपियनशिप के फाइनल मुकाबले में छत्तीसगढ़ पुरुष टीम ने मध्य प्रदेश को 5–0 से हराकर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया।


टाफी के साथ आर्यन ताम्रकार।

छत्तीसगढ़ को इस टूर्नामेंट में सबसे कठिन पूल मिला था। ग्रैंड फाइनल छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के बीच खेला गया। जिसमें छत्तीसगढ़ ने बहुत ही बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए मध्यप्रदेश को 5–0 से हराकर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। टूर्नामेंट के विभिन्न मैचों के दौरान जिला मुंगेली सफ्टबल एसोसिएशन के अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ी आर्यन ताम्रकार ने शानदार होम रन मारकर पूरे प्रतियोगिता में बैटिंग का शानदार प्रदर्शन किया एवं उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी घोषित किया गया।

### आम सूचना

मैं श्रीमती गंगा बाई सोनी उम्र 43 वर्ष पति श्री स्व. रामकुमार सोनी निवासी गली नं. 02, नया सरकंडा बंगालीपारा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) की हूँ जो सर्वसाधारण आम जनता, नगरीय निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था, बैंक को आम सूचना प्रकाशित कराती हूं कि मेरे स्वत्व स्वामित्व एंव आधिपत्य की भूमि मौजा सरकंडा पहनं 32, रा.नि.म. व तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित खसरा नं. 474/9 को अपने पुत्र महेंद्र कुमार सोनी पिता स्व. रामकुमार सोनी निवासी मकान नं. 417, गली नं. 02, नया सरकंडा बंगालीपारा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) को दान में प्रदान करना चाहती हूं चूंकि मेरा पुत्र महेंद्र कुमार सोनी मेरा संपूर्ण देख-रेख एवं पालन पोषण करता है जिससे मैं प्रसन्न हूं इसलिये अपने स्वामित्व कि उपरोक्त भूमि को उसके पक्ष में दान पत्र निष्पादित करना चाहती हूँ।
अतः सर्वसाधारण आम जनता, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्थाएं नगरीय निकाय बैंक को सूचित किया जाता है। कि उपरोक्त संपति के संबंध में किसी प्रकार से कोई आपत्ति हो तो वे इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर संबंधित दस्तावेजों के साथ मेरे पते पर आकर अपना पक्ष रखे, समयावधि अवसान उपरांत की गई आपत्ति सर्वथा अवैध एवं शून्य माना जायेगा।
दिनांक 02.03.2025
सो सूचना जाने।

**भवदीय**
**श्रीमती गंगा बाई सोनी**
**उम्र 43 वर्ष पति स्व. श्री रामकुमार सोनी**
**निवासी गली नं. 02,**
**नया सरकंडा बंगालीपारा**
**बिलासपुर तहसील व**
**जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री पवन सिंह ठाकुर पिता/ पति श्री परमेश्वर सिंह ठाकुर निवासी सरकंडा तहसील व जिला बिलासपुर पर नाम से ग्राम बिरकोना प.ह.नं. 25/17 रा.नि.मं. कोनी तहसील व जिला बिलासपुर में खसरा क्रमांक 1355/1, 1355/2 रकबा 1.82 एकड़ में से एकड़ वर्गफुट पर भूमि/ मकान/ फ्लैट स्थित है, जिसे मेरे पक्षकार श्री/ श्रीमती दीपक दुबे पिता श्री रेवतीरमन दुबे निवासी राजकिशोर नगर तहसील व जिला बिलासपुर द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा करते हुए। अग्रिम राशि बयाना बतौर प्रदान किये हैं। यदि उक्त संव्यवहार से किसी भी व्यक्ति, संस्था व अन्य जो उक्त भूमि/ मकान/ फ्लैट पर अपना हित रखता हो, को यदि किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति होगी तब मय दस्तावेज के साथ सूचना प्रकाशन के 05 दिन के अंदर मेरे नीचे लिखे पते पर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि समाप्त होने के पश्चात की गई आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जावेगी तथा मेरे पक्षकार उक्त भूमि/ मकान/ फ्लैट के पंजीयन कराने हेतु स्वतंत्र होंगे। अस्तु सूचना जानें।
दिनांक 3.03.2025

**राममनोहर दुबे**
**अधिवक्ता / नोटरी**
**स्टेट बैंक के सामने,**
**नया सरकंडा, बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो. 98271-73623**
**क्रेता 7489855270**

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक, कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
● एलर्जी जाँच एवं इम्यूनोथेरेपी
● गले की लेजर सर्जरी
● खर्राटो का ईलाज
Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
● दांतों में ज्वेलरी लगाना
● बच्चों के दूध के दांतों का इलाज एवं देखभाल

## खबर संक्षेप

### जेपी वर्मा कालेज के डा. प्रमोद का सेवानिवृत्ति पर सम्मान



**बिलासपुर।** शासकीय जेपी वर्मा कालेज के क्रीड़ाधिकारी डा. प्रमोद तिवारी 28 फरवरी को सेवानिवृत्त हो गए। उन्होंने अपने 35 वर्ष के सेवाकाल में अनेक परिक्षेत्र राज्य, विश्वविद्यालयीन खेलों का आयोजन कराया। उनकी सेवानिवृत्त पर 1 मार्च को अटल यूनिवर्सिटी के कुलपति एडीएन बाजपेयी द्वारा रजिस्ट्रार, डायरेक्टर खेलकूद की उपस्थिति में डा. प्रमोद को सम्मानित किया गया। शहर के खिलाड़ियों एवं छग क्रीड़ाधिकारी संघ की ओर से भी अलग से सम्मानित किया गया। जेपी वर्मा कालेज में प्राचार्य डा. एस एल निराला की उपस्थिति में समारोहपूर्वक विदाई दी गई। इस अवसर पर विनोद तिवारी, प्रमोद तिवारी, मनोज, गोपीकृष्ण, लक्ष्मीनारायण, अंजनी तिवारी, विद्यानंद शुक्ला, अनिरुद्ध द्विवेदी, दातेश्वर, निलेश, कमलेश आदि मौजूद थे।

### गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय ने तनुजा को दी पीएचडी

**बिलासपुर।** गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय ने तनुजा गुप्ता को अभियांत्रिकी संकाय (सिविल इंजीनियरिंग) में डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की है।



इन्होंने अपना शोध कार्य एक्सपेरिमेंटल इन्वेस्टिगेशन ऑन जिओपॉलीमरिक नेचुरल एण्ड रिसाइकिल्ड एग्रीगेट कंक्रीट विषय पर किया। यह कार्य उन्होंने डॉ. एम. चक्रधर राव के मार्गदर्शन में पूर्ण किया। वर्तमान में तनुजा गुप्ता शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय बिलासपुर कोनी में अंशकालीन व्याख्याता है।

### राजपूत क्षत्रिय महासभा अरपांचल का त्रिवार्षिक निर्वाचन संपन्न



**बिलासपुर।** राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ रहटादह पंजीयन क्रमांक 1282 उप समिति अरपांचल का त्रिवार्षिक निर्वाचन निर्विरोध संपन्न कराया गया। केंद्रीय पर्यवेक्षक कोटा उप समिति के अध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह, महिपाल सिंह एवं डॉ दशरथ सिंह राजपूत ने निर्वाचन संपन्न कराया। अरपांचल उप समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष गजाधर सिंह, कोषाध्यक्ष घनश्याम सिंह, सचिव राजेंद्र सिंह ठाकुर, उपसचिव डॉ अविनाश सिंह बनाए गए है। इस दौरान महिला सचिव सुलक्षणा सिंह एवं कार्यकारिणी सदस्य नंदकिशोर सिंह ठाकुर प्रहलाद सिंह, चिंतामणि परिहार, कैलाश सिंह, सनत सिंह, योगेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

### प्रगतिशील युवा स्वर्णकार समाज का होली मिलन समारोह 16 को



**बिलासपुर।** प्रगतिशील युवा स्वर्णकार समाज का होली मिलन समारोह 16 मार्च को आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में रविवार 2 मार्च को समाज के पदाधिकारियों की बैठक वेद कुमार सोनी के निवास पर हुई। चर्चा के उपरांत 16 मार्च रविवार को होली मिलन समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में श्री हरि सोनी का संगीत के क्षेत्र में अभिन्न योगदान के लिए सम्मान किया गया। बैठक में नंदू सोनी, अजय पोतदार, हरि पोतदार, सीएल सोनी, पुरुषोत्तम सोनी, सूर्यकांत सोनी, नरेंद्र सोनी, वेद कुमार सोनी, पवन सोनी, बालकृष्ण सोनी, राकेश सोनी, हेमंत सोनी, प्रेम सोनी, सुरेश सोनी, शत्रुघन सोनी, गोपाल सोनी, ध्रुव सोनी, राजकुमार सोनी, संतोष सोनी, आर के सोनी, आर एन सोनी आदि सदस्य मौजूद थे।

### मूक बधिर आवासीय विद्यालय को भेंट की कुर्सियां



**बिलासपुर।** शांता फाउंडेशन बिलासपुर के द्वारा समाज सेवा के उद्देश्यों से सत्य साँई हेल्प वे मूक बधिर आवासीय विद्यालय मुंगेली में 10 प्लास्टिक कुर्सियों की अत्यंत आवश्यकता थीं जिसकी पूर्ति शांता फाउंडेशन ने 1 मार्च को प्रदान की। शांता फाउंडेशन के नीरज गेमनानी का कहना है की हमे जानकारी मिली थी की उक्त विद्यालय में कुर्सियों की आवश्यकता है। यह अमृतवेला तोरवा परिवार के सौजन्य से संपादित किए गए। इस दौरान डी.विनीता राव, जसमीत सिंह टुटेजा, प्रीतेश सिंह राठौर सेवाकार्य में मौजूद थे।

### दपूमरे के कई विभागों में कार्यरत 18 रेल कर्मचारी सेवानिवृत्त

**बिलासपुर।** दपूमरे बिलासपुर मंडल के विभिन्न विभागों में कार्यरत 18 रेल कर्मचारी शुक्रवार को सेवानिवृत्त हो गए। मंडल रेल प्रबंधक सभागार में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को विदाई दी गई। इस अवसर पर मंडल कार्मिक अधिकारी रूहीना तुफैल खान ने सभी कर्मचारियों को बंदोबस्त भुगतान से संबंधित समस्त दस्तावेज, सेवा प्रशस्ति प्रमाण पत्र एवं सेवा मैडल प्रदान किया। मंडल के सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों में परिचालन विभाग से 1, इंजीनियरिंग विभाग से 4, विद्युत विभाग से 4, यांत्रिक विभाग से एक, मेडिकल विभाग से 2, कार्मिक विभाग से 2, सुरक्षा विभाग से 1, लेखा विभाग से 1 तथा वाणिज्य विभाग से दो कर्मचारी शामिल हैं।

---

**यूजी फर्स्ट ईयर में स्वाध्यायी छात्रों का भी पंजीयन** | **इंटर्नल और असाइनमेंट के लिए देनी होगी अलग फीस**

# स्नातक स्तर में नई शिक्षा नीति, 6-6 महीने में दो बार परीक्षा होगी

**बिलासपुर।** प्राइवेट छात्रों को यूजी करने के लिए अब ज्यादा पैसे खर्च करने होंगे। फर्स्ट ईयर की परीक्षा में शामिल होने के लिए इन्हें पिछली बार की तुलना में दोगुनी फीस देनी होगी। इसके अलावा इंटर्नल एग्जाम का मूल्यांकन और असाइनमेंट के लिए भी शुल्क देना होगा। दरअसल, यूजी फर्स्ट ईयर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू हुई है। इससे पूरा पैटर्न बदल गया है।

वार्षिक की जगह अब सेमेस्टर प्रणाली लागू की गई है। इसके अनुसार छह-छह महीने के अंतराल में दो बार परीक्षा होगी। इतना ही नहीं फर्स्ट ईयर की परीक्षा के लिए इन छात्रों को रजिस्ट्रेशन भी कराना होगा। गौरतलब है कि पिछले दिनों रजिस्ट्रेशन को लेकर उच्च शिक्षा विभाग से निर्देश जारी किए गए थे। इसके अनुसार राजकीय विश्वविद्यालयों से सूचना जारी की गई है।

गौरतलब है कि राज्य के छह राजकीय विवि जैसे रविवि, दुर्ग, सरगुजा, बस्तर, बिलासपुर व रायगढ़ से संबद्ध करीब साढ़े छह सौ कॉलेज हैं। इनमें बीए, बीकॉम, बीएससी, बीसीए, बीबीए समेत अन्य के फर्स्ट ईयर में एनईपी लागू हुई है।

### इंटर्नल एग्जाम जिस कॉलेज में, असाइनमेंट भी वहीं से



अधिकारियों के मुताबिक आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा के लिए प्रश्न पत्र कॉलेज तैयार करेंगे। वे ही परीक्षा लेंगे और कापियां भी जाचेंगे। इसी तरह नियमित छात्रों की तरह ही स्वाध्यायी छात्रों का भी इंटर्नल एग्जाम व असाइनमेंट अनिवार्य किया गया है। परीक्षा के लिए छात्र जिस कॉलेज से रजिस्ट्रेशन करेंगे संबंधित कॉलेज में ही इंटर्नल होगा। असाइनमेंट भी कॉलेज से ही मिलेंगे। 100 नंबर के पेपर में 70 की परीक्षा सेंटर में होगी और 30 अंक इंटर्नल व असाइनमेंट के हैं। प्राइवेट छात्रों का पहला इंटर्नल एग्जाम 1 नवंबर से 10 नवंबर के बीच लिया गया। इसी तरह दूसरी एग्जाम 1 दिसंबर से 10 दिसंबर तक कॉलेजों में आयोजित किए गए, जबकि छात्रों को असाइनमेंट 15 दिसंबर से 25 दिसंबर तक दिया गया। प्रैक्टिकल परीक्षा 15 दिसंबर से 31 दिसंबर के बीच हुई।

### इस तरह अधिक फीस देनी पड़ेगी

पहले यूजी फर्स्ट ईयर की पढ़ाई वार्षिक प्रणाली के अनुसार होती थी। इसके तहत साल में एक बार परीक्षा होती थी। प्राइवेट छात्रों को तब 1610 रुपए परीक्षा शुल्क, 70 रुपए नामांकन, 50 रुपए शारीरिक शिक्षा शुल्क, आनलाइन प्रोसेसिंग शुल्क 50 रुपए इसके अलावा छत्तीसगढ़ बोर्ड के अलावा अन्य बोर्ड के छात्रों को माइग्रेशन के साथ 360 रुपए देने होते थे। सेमेस्टर होने से यही फीस अब दो बार देनी होगी। इसके अलावा आंतरिक मूल्यांकन शुल्क 288 और असाइनमेंट शुल्क 90 रुपए हैं। हर सेमेस्टर में आंतरिक मूल्यांकन और असाइनमेंट का प्रावधान है। इसलिए इसकी फीस भी प्रति सेमेस्टर के अनुसार देनी होगी।

### साल में दो बार होगी परीक्षा

यूजी फर्स्ट ईयर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू हुई है। इससे पूरा पैटर्न बदल गया है। वार्षिक की जगह अब सेमेस्टर प्रणाली लागू की गई है। इसके अनुसार छह-छह महीने के अंतराल में दो बार परीक्षा होगी। फर्स्ट ईयर की परीक्षा के लिए इन छात्रों को रजिस्ट्रेशन भी कराना होगा।

**- प्रवीण पांडे**
अपर संचालक,
उच्च शिक्षा विभाग

---

**साल भर से जारी है निर्माण कार्य:** करोड़ों खर्च, फिर भी तैराकी की नहीं होती प्रतियोगिता

# निगम और पीडब्ल्यूडी ने पूल को बनाया प्रयोगशाला, तैराकी से वंचित रहेंगे बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला खेल परिसर को पीडब्ल्यूडी के बाद अब निगम ने प्रयोगशाला बना लिया है, पिछले एक साल से निर्माण कार्य चल रहा है जो खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है, इसके चलते पूल निर्माणधीन है। गर्मी की छुट्टियां लगने वाली हैं, ऐसे में तैराकी सीखने के लिए आने वाले बच्चों को निराशा ही हाथ लगेगी।

- **गर्मी की छुट्टी के बाद तैराकी सीखने आने वाले बच्चों को होगी निराशा**

जिला खेल परिसर के पूल में निर्माण कार्य जारी है, नगर निगम द्वारा स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के अंतर्गत पूल पर शेड निर्माण कराया जा रहा है, यह कार्य प्रारंभिक चरण में है। वहीं दो साल पहले मिली स्वीकृति के बाद भी पीडब्ल्यूडी द्वारा बेबी पूल बनाने का प्रस्ताव दिया गया है, टेंडर के बाद ठेकेदार को आबंटन किया जा चुका है, लेकिन निर्माण कार्य शुरू भी नहीं हो सका है। ऐसे में गर्मियों की छुट्टियों के बाद तैराकी के लिए पहुंचने वाले बच्चों को यहां एंट्री मिलना मुश्किल है। दरअसल पिछले दो सालों से यहां निर्माण कार्य जारी है, पीडब्ल्यूडी के बाद अब नगर निगम ने भी इसे प्रयोगशाला बना लिया है, निर्माण कार्य की वजह से खिलाड़ियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।



जिला खेल परिसर में तैयार किया जा रहा स्वीमिंग पूल।

### निर्माण पूरा करने पर जोर

हमारे द्वारा बेबी पुल बनाया जाना है, इसके साथ ही वर्तमान में वेटिंग रूम का काम चल रहा है। शेड निर्माण की जिम्मेदारी नगर निगम की है। ठेकेदार को टेंडर का आंबटन हो चुका है, जल्द निर्माण पूरा करने पर जोर दिया जा रहा है।

**-संतोष राजपूत**, एसडीओ,पीडब्ल्यूडी

### सरकारी पैसे की फिजूलखर्ची

बीते 4 सालों में जिला खेल परिसर के लिए सीएसआर मद, डीएमएफ फंड, पीडब्ल्यूडी बजट, खेल विभाग के फंड से 15 करोड़ों रूपए से अधिक की राशि खर्च हो चुकी है, लेकिन इसके बावजूद खेल परिसर आबाद नहीं हो सका है। खेल परिसर में सबसे बड़ी समस्या यहां सुरक्षा व्यवस्था है, शाम होते ही असामाजिक तत्वों का बसेरा हो जाता है। बाउंड्रीवाल तोड़कर यहां चोरी की जाती है। ऐसे में सरकारी पैसे की फिजूलखर्ची करने से अधिकारी बाज नहीं आ रहे हैं। खास बात यह है कि पूख्ता सुरक्षा व्यवस्था के करोड़ों रूपए के समान लगाएं जाते है, कुछ ही महीनों में सामन चोरी होने की शिकायत प्राप्त होती है।

---

**जिपं अध्यक्ष चुनाव को लेकर राजनीति गरमाई**

# भाजपा के राजीव व कांग्रेस के प्रमोद बने पर्यवेक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला पंचायत अध्यक्ष के चुनाव को लेकर राजनीति गरमाने लगी है। इस चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने रायपुर के पूर्व जिलाध्यक्ष राजीव अग्रवाल को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। इसी तरह कांग्रेस ने रायपुर के पूर्व महापौर प्रमोद दुबे को पर्यवेक्षक बनाया है।

जिला पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष का चुनाव 5 मार्च को होना है। नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों में से ही अध्यक्ष, उपाध्यक्ष चुना जाना है। वैसे तो जिला पंचायत का चुनाव राजनीतिक दलों के सिंबाल पर नहीं लड़ा जाता, किन्तु राजनीतिक दलों द्वारा समर्थित प्रत्याशी चुनाव में उतारे जाते हैं, इसलिए अध्यक्ष, उपाध्यक्ष का चुनाव काफी महत्वपूर्ण हो जाता है और इसमें भाजपा एवं कांग्रेस जैसे राजनीतिक दलों का अध्यक्ष, उपाध्यक्ष बनाने में सीधा-सीधा हस्तक्षेप रहता है। जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के चुनाव को लेकर राजनीति गरमाने लगी है, क्योंकि कांग्रेस भी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के लिए अपने उम्मीदवार खड़ा करने जा रही है। इधर कांग्रेस ने जिला पंचायत के लिए रायपुर के पूर्व महापौर प्रमोद दुबे को पर्यवेक्षक नियुक्त कर दिया है और उन्हें शीघ्र बिलासपुर का दौरा कर यहां के कांग्रेसजनों से चर्चा कर रणनीति बनाने कहा गया है। दूसरी तरफ भाजपा ने भी जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के चुनाव के लिए रायपुर के पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव अग्रवाल को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। दोनों ही पार्टी के पर्यवेक्षक एक-दो दिन में यहां पहुंच जाएंगे और अपने-अपने पार्टी के समर्थित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष बनाने की कवायद में जुट जाएंगे।





### भाजपा 9 व कांग्रेस 7-8 के फेर में फंसी

जिला पंचायत अंतर्गत कुल 17 निर्वाचन क्षेत्र आते हैं, जिसमें चुनाव में भाजपा समर्थित 9 सदस्य चुनाव जीतकर आए हैं, इसलिए भाजपा का अध्यक्ष, उपाध्यक्ष बनना तय है। दूसरी ओर कांग्रेस समर्थित 4 सदस्य चुनाव जीतकर आए हैं, वहीं कुछ कांग्रेस के ही निर्दलीय के रूप में कुछ और सदस्य चुनाव जीतें हैं, जिससे कांग्रेस के सदस्यों की संख्या 7-8 के बीच में फंसी हुई है। क्योंकि निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव जीतकर दूसरी बार आए स्मृति श्रीवास की स्थिति अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है। इसलिए कांग्रेस की निगाह इन निर्दलीय प्रत्याशियों की ओर लगी हुई है और कांग्रेस भी बहुमत के करीब आने के प्रयास में लगी है।

### भाजपा व कांग्रेस में ये दावेदार

जिला पंचायत अध्यक्ष का पद इस बार एससी वर्ग के लिए आरक्षित है। भाजपा में एससी वर्ग से राजेश सूर्यवंशी और अरूणा चन्द्रप्रकाश सूर्या चुनाव जीतकर आए हैं। इसलिए भाजपा से जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए यहीं दो दावेदार प्रमुख माने जा रहे हैं। इसके अलावा कांग्रेस से जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए दामोदार कांत एवं सतकली बावरे को दावेदार माना जा रहा है। इस तरह भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दलों से दो-दो दावेदारों के नाम जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए चल रहे हैं और इन्हीं में किसी एक का नाम फाइनल होगा।

---

# अब सार्वजनिक मार्ग पर जन्मदिन पार्टियां व निजी आयोजन नहीं होंगे

**बिलासपुर।** एसपी रजनेश सिंह के दिशा निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे के मार्गदर्शन में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध जिला यातायात पुलिस द्वारा सघन कार्रवाई की जा रही है।

अब सार्वजनिक आवागमन के मार्ग पर जन्मदिन, पार्टियां एवं किसी अन्य प्रकार के निजी आयोजनों पर प्रतिबंध लगाया जा रहा है। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा एसओपी बनाई जा रही है। इसके लिए इन कार्यक्रमों में शामिल होने वाले लोगों पर जुर्माना लगाने के अलावा उनके वाहन जब्त किए जाएंगे। कई बार कुछ जगहों पर बिना सम्बन्धित विभाग के परमिशन लिए अनाधिकृत रूप से कहीं पर भी जन्मदिन मनाने, भंडारा लगाने एवं अन्य प्रयोजन से पंडाल आदि लगा दी जाती है जिससे सार्वजनिक आवागमन के मार्ग अवरुद्ध होने के साथ-साथ आम जनमानस को अपने गंतव्य तक जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इन परेशानियों को ध्यान में रखते हुए वरिष्ठ कार्यालय से लगातार दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन प्राप्त हो रहे हैं कि ऐसे आयोजनों पर अभिलंब प्रतिबंध लगाई जाए। इन पर मोटर व्हीकल एक्ट, एंटी एक्रोचचमेंट एक्ट, नगर पालिका अधिनियम के सुसंगत अधिनियमों के तहत तथा भारतीय न्याय संहिता के सुसंगत धाराओं के तरह सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाए। ताकि सार्वजनिक प्रयोजन के लिए बनाई गई सड़कों पर आवागमन निर्बाध रूप से संचालित संचालित हो सके। किसी भी व्यक्ति को आवागमन के दौरान अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

- **आयोजनों में शामिल लोगों पर लगेगा जुर्माना और वाहन होंगे जब्त**

### अनापत्ति प्रमाण पत्र लेने के बाद ही होंगे आयोजन

ज्ञातव्य हो कि सार्वजनिक स्थल पर किसी भी प्रकार के आयोजन के लिए विधिवत संबंधित विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने एवं विधिवत विशेष शर्तों के अनिवार्य रूप से अनुपालनीय कंडिकाओ के साथ अनुमति मिलने पश्चात ही आयोजन संपादित किया जाता है, परंतु कई बार यह देखने में आता है कि सार्वजनिक मार्ग को निजी उपयोग के लिए न किसी प्रकार की परमिशन ली जाती है नहीं संबंधित विभाग को इस संबंध में सूचना प्राप्त होता है। आकस्मिक सड़कों पर इस तरह के आयोजन से जाम की स्थिति बनती है। अनुमति प्राप्त होने पर दिए गए दिए निर्देश और विशेष शर्तों का पालन नहीं किया जाता जिसके कारण कई बार अव्यवस्था की स्थिति बनती है। अतः किसी भी स्थिति में सार्वजनिक स्थान पर जन्मदिन, भंडारा, महोत्सव, पार्टियां, जुलुश एवं रैलिया आदि आयोजन के पूर्व विधिवत परमिशन लिए जाने समस्त संबंधितो को अपील की जाती है विधिवत परमिशन नहीं लेने की स्थिति में इस तरह के आयोजन पर जिला यातायात पुलिस बिलासपुर के द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी। मार्ग को अवरुद्ध करने वाले व्यक्तियों एवं वाहन मालिकों पर जुर्माना के साथ-साथ वाहनों की जब्त की जाएगी। जिससे बिना अनुमति के इस तरह के आयोजन करने वाले व्यक्ति एवं समूह को न्यायिक प्रक्रियाओं का सामना करना पड़ सकता है।

### सूर्या पुष्पा फाउंडेशन का होली मिलन नगाड़े की धुन में झूमे बुजुर्ग



**बिलासपुर।** श्रीसूर्या पुष्पा फाउंडेशन परिवार द्वारा होली मिलन सुवानी वृद्धाश्रम जोरापारा सरकंडा में आयोजित किया गया। जिसमें संस्था के सदस्यों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। फाग गीत का गायन भी जोरदार हुआ। जिसकी धुन में सभी बुजुर्ग झूम उठे, बुजर्ग माताओं और पुरुषों ने होली खेली और सभी के चेहरों पर हर्बल गुलाल, रंग का टीका लगाकर आशीर्वाद लिया गया। सभी को शाल, फल देकर बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया गया। श्रीसूर्या पुष्पा फाउंडेशन के डायरेक्टर गौरव शुक्ला द्वारा गत 3 सालों से लगातार अलग-अलग कार्य करके समाज को बदलने की दिशा में कोशिश कर रहे हैं। फाउंडेशन का 3 साल का सफर पूरा हो गया है जिसमें अलग-अलग सामाजिक कार्यों में 3000 से ज्यादा एक्टिविटी का कार्य हो चुका है। आगे छत्तीसगढ़ में फाउंडेशन का विस्तार करते हुए विभिन्न सामाजिक कार्यों पर फोकस करेंगे। महिला सशक्तिकरण पर उनके द्वारा नारी शक्ति टीम गठित कर दी गई है, जिसकी शहरी प्रेसिडेंट आमना राजगीर, ग्रामीण प्रेसिडेंट जया साहू हैं, इनके द्वारा महिला टीम गठित करके महिलाओं पर विशेष ध्यान रखते हुए उनके उत्थान की दिशा में काम लगातार जारी है। आज के कार्यकम में गौरव शुक्ला, कमलेश गुप्ता, आमना राजगीर, जया साहू, राघव साहू, सूरज साहू, टिकेश्वर साव, धर्मेश बंजारे, चंद्रकाता राजगीर, संगीता तिवारी, श्याम तिवारी, सरिता सिंह मौजूद थीं।

### डिवीजन में किया गया निराला जयंती का आयोजन

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर डिवीजन में राजभाषा विभाग द्वारा राजभाषा के प्रचार प्रसार के लिए समय-समय पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। इसके तहत मंडल हिंदी पुस्तकालय में वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी साकेत रंजन की अध्यक्षता में निराला जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के साहित्य अनुरागी कर्मचारी उपस्थित थे। गुड्स के लोको पायलट राकेश श्रीवास, सीनियर ट्रेन मैनेजर डीएन रवि ने निराला जी की जीवनी एवं साहित्यिक सफर पर प्रकाश डाला। अधीक्षक घनश्याम विश्वकर्मा, कार्यालय अधीक्षक घनश्याम सिंह राज ने उनकी कालजयी कविताओं का पाठ किया। साकेत रंजन ने कहा कि हम साहित्यकारों की जयंतियां मनाकर उनके कालजयी रचनाएं एवं उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हैं। निराला जी के जीवन में हमें यह सीख मिलती है कि इंसान के जीवन में कितनी भी विषम परिस्थितियां आए, उनका मुकाबला संयम एवं धैर्य से करना चाहिए।

---

**जांच अधिकारी ने विधायक अटल और जीपीएम के सामाजिक कार्यकर्ता नरेन्द्र को गवाही के लिए बुलाया**

# 2 हजार से अधिक शिक्षकों की ट्रांसफर-पोस्टिंग में गड़बड़ी, जांच अभी भी अधूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शिक्षा विभाग में हुई बड़े पैमाने पर ट्रांसफर-पोस्टिंग में गड़बड़ी की जांच अभी तरह जारी है। अब इस मामले में अतिरिक्त संचालक और जांच अधिकारी ने कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव और जीपीएम के सामाजिक कार्यकर्ता नरेन्द्र राय को बतौर गवाह गवाही के लिए बुलाया है।

इस विभागीय जांच में दोनों गवाहों को दस्तावेज सहित 3 मार्च को 11 बजे रायपुर में अतिरिक्त संचालक के समक्ष पहुंचना होगा। हालांकि कोटा विधायक का कहना है कि 3 मार्च को ही प्रदेश का बजट प्रस्तुत होना है तो जाहिर तौर पर पेशी को आगे बढ़ाया जाएगा। ध्यान रहे कि इस मामले जीपीएम के सामाजिक कार्यकर्ता नरेंद्र राय और कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने तात्कालीन मुख्यमंत्री से लेकर सचिव स्तर के अधिकारियों से इसकी शिकायत की थी। शिक्षा विभाग में ट्रांसफर-पोस्टिंग में गड़बड़ी की फाइल एक बार फिर से खुली है। राज्य शासन ने अतिरिक्त संचालक एससीईआरटी जेपी रथ को जांच अधिकारी बनाया है। जांच अधिकारी ने 12 और 13 सितंबर 2024 को बिलासपुर पहुंचकर मामले में 400 शिक्षकों का बयान भी लिया है। गौरतलब है कि 5 संभागों में 2144 शिक्षकों को पदोन्नति के बाद नियम विरुद्ध लेनदेन करते हुए मनचाहे स्थान पर संशोधित पदस्थापना आदेश जारी कर दिया गया था। इस मामले में चारों संभाग के संयुक्त संचालक और 10 से अधिक अफसरों को निलंबित कर दिया था। बिलासपुर में उस दौरान ज्वाइंट डायरेक्टर रहे एसके प्रसाद और क्लर्क विकास तिवारी भी निलंबित हुए थे।

### ज्वाइंट डायरेक्टर और बाबू ने नहीं की नियमों की परवाह





इस पूरे मामले में तत्कालीन ज्वाइंट डायरेक्टर एसके प्रसाद ने खुलकर नियमों की अवहेलना की। शासन ने उन्हें निलंबित भी कर दिया था। दरअसल साफ निर्देश था कि काउंसलिंग के दौरान जहां पोस्टिंग होगी वहां ज्वाइन करना होगा। जेडी श्री प्रसाद ने इसकी कोई परवाह नहीं की। कुछ खास लोग जब संशोधन के लिए पहुंचे तो जेडी ने नियोक्ता अधिकारी बनते हुए शुरुआत में ऐसे 20 लोगों का संशोधन आदेश निकाला। इसके बाद तो जैसे लाइन लग गई और कुल 799 शिक्षकों का संभाग भर में संशोधन आदेश निकाल दिया गया। गौरतलब है कि बिलासपुर संभाग में 3500 से अधिक पद रिक्त थे। इसमें ई संवर्ग में 778 और टी संवर्ग मिलाकर कुल 1063 पदों पर पदोन्नति के बाद संशोधन हुआ था। इसी में जमकर खेल हुआ और पैसे लेकर संसोधन आदेश जारी किए गए।

### जांच के नाम पर जारी है औपचारिकता

जांच के नाम पर इस पूरे खेल और औपचारिकता पर नजर डालें तो पता चल जाएगा कि आखिर किस तरह विभाग और उसके अधिकारी काम करते हैं। गंभीर से गंभीर मामले इनके लिए सिर्फ एक ठिठोली ही रहते हैं। जांच अधिकारी जेपी रथ और प्रस्तुतकर्ता अधिकारी भूपेन्द्र कौशिक ने बिलासपुर में 400 से अधिक शिक्षकों से बयान लिया है। इसके लिए प्रश्नावली तैयार की गई थी, जिसमें कुल 15 प्रश्न थे। प्रश्नावली में शिक्षकों से सवाल किया गया कि ट्रांसफर-पोस्टिंग के लिए किसी को पैसे दिए या कोई लेन देन किया गया है क्या, यदि किया गया है तो उसके साक्ष्य भी मांगे जा रहे हैं। अब सवाल यही है कि कौन शिक्षक लिखित में स्वीकार करेगा कि पैसे देकर पोस्टिंग आर्डर में संसोधन कराया था। साथ ही कौन आरोपी बाबू या ज्वाइंट डायरेक्टर स्वीकार करेगा कि उसने पैसे लिए थे।

### शिक्षकों ने की थी लेन-देन की शिकायत

शिक्षा विभाग में हुई बड़े पैमाने पर ट्रांसफर-पोस्टिंग में गड़बड़ियों कि शिकायत की गई थी। इसमें जमकर लेन देन की शिकायत अधिकांश शिक्षकों ने की थी। मामले में बयान के लिए 3 मार्च को बुलाया गया है लेकिन उस दिन बजट होने के कारण उपस्थित होना संभव नहीं होगा। अगली पेशी में दस्तावेजों सहित बयान दर्ज कराया जाएगा।

**- अटल श्रीवास्तव**, कोटा विधायक

## खबर संक्षेप

### सभापति चुनाव को लेकर बैठक आज



**बिलासपुर।** नगर निगम में सभापति चुनाव को लेकर सोमवार शाम 4 बजे भाजपा कार्यालय में भाजपा पार्षदों की बैठक बुलाई गई है। भाजपा शहर जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ने बताया कि महापौर और पार्षदों के शपथ ग्रहण पश्चात सभापति के राय शुमारी के लिहाज से बैठक का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सासंद राजनांदगांव संतोष पाण्डे बतौर पर्यवेक्षक उपस्थित रहेंगे। साथ ही जिले के सभी वरिष्ठ नेता बैठक में शामिल होंगे। पर्यवेक्षक पार्षदों से वन टू वन चर्चा कर उनकी राय जानेंगे।

### दो युवकों पर जानलेवा हमलाः जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** साइड देने के विवाद में दो स्कूटी सवार पांच युवकों ने गुण्डागर्दी करते हुए बाइक सवार दो युवकों से मारपीट करते हुए धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया । तोरवा टीआई अभय सिंह बैस ने बताया मोपका रामकृष्ण नगर निवासी यशवंत भारती कंस्ट्रक्शन का काम करते हैं। 1 मार्च को अपने दोस्त गिलेश कांत, हेमंत कुमार के साथ बंगाली चौक सोडा पीने आए थे। रात 10.30 बजे गुरूनानक चौक के पास स्कूटी सवार तीन युवक धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे हेमंत कुमार के सीने, कमर व गितेश को पेट में चोट आई है।

### कर्मचारी प्रशिक्षण केन्द्रों का आधुनिकीकरण

**बिलासपुर।** दपूमरे के 9 प्रमुख प्रशिक्षण केन्द्रों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है, जिससे रेल संचालन की गुणवत्ता और संरक्षा मानकों में सुधार हो रहा है। इन प्रशिक्षण केन्द्रों में 15 हजार मानव दिवस का प्रशिक्षण कर्मचारियों को उपलब्ध कराकर आधुनिक व गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण केन्द्रों में जोनल मल्टी डिसिप्लिनरी ट्रेनिंग सेंटर बिलासपुर क्षमता 170 प्रशिक्षणार्थी प्रतिदिन, डिवीजनल ट्रेनिंग सेंटर इलेक्ट्रिक लोको उसलापुर बिलासपुर क्षमता 330 प्रशिक्षणार्थी प्रतिदिन, जोनल सिग्नल एंड टेलीकॉम ट्रेनिंग सेंटर नैनपुर नागपुर क्षमता 56 प्रशिक्षणार्थी प्रतिदिन, जोनल सिविल इंजीनियरिंग ट्रेनिंग सेंटर नैनपुर नागपुर क्षमता 30 प्रशिक्षणार्थी प्रतिदिन प्रशिक्षण ले रहे हैं।

कभी भी हो सकती थी बड़ी दुर्घटना

जर्जर बिल्डिंग की मरम्मत कराने रेलवे ने जिला प्रशासन को लिखा था पत्र

# तहसील के 20 साल पुराने आरक्षण कार्यालय में आज से बुकिंग बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तहसील कार्यालय में संचालित होनें वाले आरक्षण कार्यालय की बिल्डिंग जर्जर हो चुका है। इसमें बड़ी घटना होने की आशंका को देखते हुए रेल प्रशासन जिला प्रशासन को मरम्मत कराने या दूसरे स्थान पर भवन देने के लिए पत्र लिखा था। पत्र लिखने के बाद भी भवन के मरम्मत नहीं किए जाने के कारण रेल प्रशासन ने तहसील के आरक्षण कार्यालय में बुकिंग सोमवार से बंद करने का आदेश जारी कर दिया है।

लोगों को शहर के बीच में आरक्षण कार्यालय की सुविधा देने के लिए रेल प्रशासन ने वर्ष 2005 में नेहरू चौक स्थित तहसील कार्यालय के भवन में आरक्षण कार्यालय की सुविधा शुरु की थी। तहसील कार्यालय में आरक्षण कार्यालय ओपन होने के बाद सबसे अधिक सुविधाएं कुदुदण्ड, मंगला, नेहरू चौक, सरकंडा व आसपास के हजारों लोगों को मिलने लगी। ट्रेन में सफर करने के लिए टिकिट बुकिंग के लिए लोगों को स्टेशन तक की दौड़ लगाने से छुटकारा मिल गया। तहसील कार्यालय के भवन में संचालित होने वाले आरक्षण कार्यालय में रेलवे के स्टाफ की ड्युटी लगती है। रेलवे आरक्षण कार्यालय तहसील कार्यालय के सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक खुलने के समय तक ही ओपन रहता है, जिसके बाद स्टाफ भी काउंटर को बंद कर रेलवे स्टेशन पहुंच जाते हैं। वर्षों से संचालित होने वाले तहसील कार्यालय के आरक्षण कार्यालय की बिल्डिंग भी काफी जर्जर स्थिति में हो चुकी है, जहां बैठे स्टाफ के साथ कभी भी दुर्घटना होने का खतरा मंडरा रहा था। यहां दीवारों के प्लास्टर सीपेज के कारण उखड़ गए हैं और रेल कर्मचारियों के लिए शौचालय की हालत भी बदतर हो चुकी है। आरक्षण कार्यालय में ड्यूटी करने वाले स्टाफ ने इसकी जानकारी अपने उच्चाधिकारियों को दी थी। स्टाफ अब तहसील कार्यालय के आरक्षण कार्यालय में ड्यूटी करने से डर रहे थे, जिसकी वजह से ड्यूटी करने में वे आनाकानी भी करते थे। स्टाफ की सुरक्षा को देखते हुए रेल अफसरों ने बिल्डिंग मरम्मत करने के लिए जिला प्रशासन को पत्र लिखा था। जिला प्रशासन को बार-बार पत्र लिखने के बाद भी मरम्मत कार्य और दूसरे स्थान पर शिफ्टिंग के लिए किसी तरह की कोई पहल नहीं किए जाने के कारण रेल प्रशासन ने 1 मार्च शनिवार से तहसील के पीआरएस कार्यालय में नोटिस लगाकर बुकिंग कार्य सोमवार से बंद कर दिया है।




**रहती थी लोगों की भीड़:** तहसील कार्यालय में आरक्षण कार्यालय वर्षों से संचालित किया जा रहा है। यहां विशेषकर नेहरू चौक में बने कलेक्टोरेट, तहसील कार्यालय, निगम बिल्डिंग व अन्य कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों-अधिकारियों के अलावा आने वाले लोगों को बुकिंग की सुविधा मिल रही थी। तहसील कार्यालय के समय के अनुसार पीआरएस के भी खुलने और बंद करने का समय निर्धारित रहता था, जिसकी वजह से यहां लोगों की भीड़ काफी रहती थी।

### दिया गया है आदेश

तहसील कार्यालय में संचालित होने वाले आरक्षण कार्यालय की बिल्डिंग जर्जर के कारण कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। इसे मरम्मत कराने के लिए जिला प्रशासन को पत्र लिखा गया था, जिसमें नए कार्यालय की मांग भी शामिल थी। 28 फरवरी तक जिला प्रशासन को बिल्डिंग के मरम्मत या फिर दूसरे स्थान की मांग के लिए समय दिया गया था, लेकिन जिला प्रशासन की ओर से ध्यान नहीं दिया गया। इसके कारण तहसील कार्यालय में संचालित होने वाले आरक्षण कार्यालय को बंद करने का आदेश जारी किया गया।

**-अनुराग कुमार सिंह,** सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

कार्रवाई : एसपी के निर्देश पर पुलिस प्रशासन ने चलाया अभियान

# कोटा पुलिस का प्रहार, 510 लीटर महुआ शराब जब्त, 600 किलो लहान किया नष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अवैध शराब के खिलाफ जिले में चलाई जा रही मुहीम में कोटा पुलिस ने कच्ची महुआ शराब बनाने वालों पर बड़ा प्रहार किया है। पुलिस ने एक कोचिया के घर में दबिश देकर 510 लीटर महुआ शराब, गैस सिलेण्डर, चूल्हा, बर्तन बरामद किया है। पुलिस ने कोचिया को गिरफ्तार कर लिया है।

एसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर जिले में अवैध शराब बेचने वालों पर पुलिस को प्रकार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने थानेदारों को प्रहार के तहत अवैध शराब बेचने वालों पर सख्ती से कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है। कोटा थाना प्रभारी प्रशिक्षु आईपीएस सुमीत कुमार धोत्रे को सूचना मिली कि दर्रीकांपा में एक कोचिया भारी मात्रा में अवैध शराब बनाकर बेच रहा है। उन्होंने स्टाफ के साथ गांव में घेराबंदी कर रोशन खांडे पिता राजाराम खांडे 24 साल के घर में दबिश दी।

पूछताछ में रोशन खांडे अवैध शराब बेचने से इनकार कर रहा था। पुलिस ने उसके घर की तलाशी ली तो एक कमरे में अलग अलग जरीकेन 510 लीटर महुआ शराब, गैस सिलेण्डर, चूल्हा व बर्तन मिले। वहीं कमरे में करीब 600 किलो महुआ लहान मिला, जिसे गांव में नष्ट कर दिया गया। पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत शराब जब्त कर कोचिया को गिरफ्तार कर लिया है। श्री धोत्रे ने कहा अवैध महुआ शराब बनाकर बेचने वालों पर कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। एसपी श्री सिंह ने कोटा पुलिस की कार्रवाई की प्रशंसा की है।



कोटा पुलिस ने की कार्रवाई, आरोपी हिरासत में।



आरोपी से जब्त अवैध शराब।

### एक पखवाड़े में कोचिया गए जेल

थाना प्रभारी प्रशिक्षु आईपीएस श्री धोत्रे थाना का चार्ज लेने के बाद अभियान प्रहार के तहत अवैध महुआ शराब बेचने वालों पर सख्ती से कार्रवाई करने में लगे हुए हैं। बीते एक पखवाड़े भीतर उन्होंने अलग अलग गांवों में दबिश देकर घरों में महुआ शराब बनाकर बेचने वाले 6 कोचियों को पकड़कर भारी मात्रा में महुआ शराब, गैस चूल्हा बर्तन बरामद किया है।

### अन्य थानों में शराब पीने पर कार्रवाई

पिछले एक पखवाड़े में कोटा को छोड़कर अन्य थानों में एक तरफा आबकारी अधिनियम 36 च सार्वजनिक स्थान में शराब पीने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इन थाना क्षेत्रों में शराब बनाने वालों पर कार्रवाई नहीं की जा रही है।

2 आरोपी जेल दाखिल

### आबकारी विभाग ने भी मारा छापा

कलेक्टर के निर्देश के बाद एक बार फिर आबकारी विभाग अवैध शराब पर कार्रवाई कर रहा है। शनिवार और रविवार को विभाग के अधिकारियों ने तखतपुर क्षेत्र में ताबड़तोड़ कार्रवाई कर देशी शराब को जब्त किया है। आबकारी विभाग ने तखतपुर क्षेत्र के बेलसरी, घुटकू, मूर्तिपारा, तेन्दुआ, गनियारी, सकरी, कपसिया गांव में छापा मार कार्रवाई करते हुए 95 लीटर शराब और 10 लीटर देशी शराब जब्त की है। इस दौरान विभाग ने 26 किलो महुआ लहान भी जब्त कर लिया है। बताया जा रहा है कि इस दौरान राजेश कोसले और कुमार कोसले पर आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के तहत कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है। वहीं अन्य आरोपी राजेन्द्र खांडे, दिलहरण सूर्यवंशी, रामदुलार सूर्यवंशी, संतोषी वर्मा, संजय वर्मा, अजय गहवाई, मुकुंद गोड़, मनोज साहू, संजय सिंह, सर्वण सिंह, झगलू सिंह पर जमानतीय धारा के अंतर्गत प्रकरण बनाया गया है। वहीं 1 प्रकरण लावारिस के तौर पर दर्ज किया गया है।

# रास्ते का पत्थर निकालने के विवाद में युवक की हत्या



पुलिस हिरासत में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रास्ते का पत्थर निकालने के विवाद में एक ही परिवार के चार लोगों ने सब्बल, लाठी, पत्थर से हमला कर पड़ोसी युवक की हत्या कर दी। पुलिस ने पति पत्नी सहित चारों लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

बिल्हा टीआई उमेश साहू ने बताया, ग्राम उड़गन निवासी खेम राज बंजारे पिता धनाउराम बंजारे 27 साल के साला की मृत्यु होने पर उसकी पत्नी व माता सहित घर वाले उसके ससुराल चले गए थे। वह घर में अकेले था। 6 दिन पूर्व उनके पड़ोसी श्याम अंचल ने घर के रास्ते में दोनों ओर पत्थर के बोल्डर लगाया था। 2 मार्च की सुबह 7 बजे श्याम अंचल घर से बाहर निकला तो कुछ पत्थर गायब हो गया था। उसी बात को लेकर वह गाली गलौज करने लगा। इसी दौरान खेम राज बंजारे अपने घर से बाहर निकला और उसने अपने जमीन में लगे पत्थर को हटाने की बात कही। इस पर दोनों के बीच विवाद होने लगा। इसी दौरान श्याम अंचल की पत्नी सीता अंचल, उनका बेटा लक्ष्मण, मुकेश अंचल आए मारपीट करना शुरू कर दिया। इस पर खेम राज बंजारे अपने घर से सब्बल लेकर आया और लक्ष्मण पर हमला कर दिया। इससे श्याम अंचल व उसके घरवाले उसके हाथ सब्बल छीन लिया और सब्बल, लाठी, पत्थर से खेमराज बंजारे पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उसके बाद हमलावरों ने डायल 112 को घटना की सूचना दी। बिल्हा पुलिस मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया। पुलिस ने बीएनएस की धारा 103, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर श्याम अंचल, सीताबाई, लक्ष्मण, मुकेश को गिरफ्तार कर लिया है।

■ एक परिवार के चार आरोपी गिरफ्तार

# देर से दी भालू की मौत की सूचना, बीट गार्ड सस्पेंड

**बिलासपुर।** वन विभाग के अफसरों ने भालू के मौत की सूचना विलंब से देने के कारण बीट गार्ड को सस्पेंड करने के साथ डिप्टी रेंजर को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। वहीं वन विभाग ने भालू के मौत का कारण उम्र दराज होना बताया है।

चार दिन पूर्व मरवाही वन मंडल में एक भालू की संदिग्ध हालत में लाश पाई गई थी, जो मनेन्द्रगढ़ और मरवाही वन मंडल की सीमा के अंतर्गत उषाड़ क्षेत्र के कक्ष क्रमांक 2034 में पानी के कटाव में बनी नाली में थी। भालू का शव क्षत विक्षप्त अवस्था में था, जिसकी वजह से भालू के शिकार होने की आशंका व्यक्त की जा रही थी। इसकी सूचना मरवाही वन मंडल के बीट गार्ड राकेश कुमार पंकज से मिलने के बाद डीएफओ रौनक गोयल के आदेश पर भालू के शव को सुरक्षित रखने के लिए 20 मीटर क्षेत्र को रस्सी से बांधकर प्रतिबंधित किया गया था। इसके बाद वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था। शिकार की संभावना को देखते हुए जंगल सफारी रायपुर से डॉग स्क्वायड की टीम को बुलाया गया। शाम को डॉग स्क्वायड की टीम ने घटना स्थल से करीब 2 किलोमीटर आसपास के क्षेत्र की जांच की, लेकिन शिकार से संबंधित कोई भी सामान नहीं पाया गया। पशु चिकित्सक ने शव परीक्षण में भालू के पंजे, नाखून, केनाईन व अन्य हिस्सों को सुरक्षित पाया। चिकित्सकों के परामर्श अनुसार भालू की मौत उम्र दराज होने के कारण बताई गई। पंचनामा के मुताबिक भालू का शव जंगल के अंदर पाया गया, जो निकटतम गांव की दूरी 3-4 किलोमीटर से अधिक है। भालू की मौत से संबंधित कार्रवाई प्रक्रियाधीन है, जिसमें मौत के कारण का पता लाया जा रहा है। वन मंडलाधिकारी रौनक गोयल के अनुसार शव परीक्षण उपरांत भालू का शव विधिवत प्रक्रिया अनुसार दाह संस्कार किया गया है। डीएफओ रौनक गोयल ने बीट गार्ड राकेश कुमार पंकज को घटना की जानकारी विलंब से देने के कारण तत्काल सस्पेंड करने के साथ डिप्टी रेंजर अश्वनी दुबे को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

■ डिप्टी रेंजर को कारण बताओ नोटिस जारी



फाइल फोटो

### किया गया है सस्पेंड

मरवाही वन मंडल के डीएफओ रौनक गोयल के अनुसार कुछ दिन पहले भालू का शव मिला था, जो 8 से 10 दिन पुराना था। इसकी जानकारी भी वन विभाग के अफसरों को कई दिनों बाद मिली। पुराना शव मिलने के बाद वन विभाग ने सख्त कार्रवाई करते हुए लापरवाही बरतने के आरोप में बीट गार्ड राकेश कुमार पंकज को निलंबित करते हुए डिप्टी रेंजर अश्वनी दुबे को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। पीएम में सभी अंग सुरक्षित हैं और शिकार की आशंका नहीं है। इस घटना के बाद वन विभाग ने निर्देश जारी किया है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की तत्काल सूचना दी जाए।

### कानन पेण्डारी के शेर की हालत खराब



कानन पेण्डारी जू के लायन की तबीयत बहुत ही ज्यादा खराब हो गई है, जिसकी हालत नाजुक होने की वजह से गुजरात के डाक्टर व विशेषज्ञ से परामर्श करते हुए लायन का उपचार शुरु कराया गया है।

कानन पेण्डारी जू में चार से पांच नर व मादा लायन हैं, इसमें से एक लायन भीम की हालत काफी खराब हो चुकी है। कानन प्रबंधन के अनुसार पेण्डारी जू में रखे गए शेर लायन भीम को 17 फरवरी 2025 से किडनी से संबंधित समस्या है, जिसके लिए उसका उपचार किया जा रहा है। प्राथमिक उपचार में लायन की हालत में थोड़ा बहुत सुधार होता है, लेकिन बाद में उसकी तबीयत फिर बिगड़ जाती है। उपचार को और बेहतर व प्रभावी बनाने के लिए गिर नेशनल पार्क, गुजरात के वन्यप्राणी चिकित्सक और विशेषज्ञ डॉक्टर आरएफ कादिवार से परामर्श कर निर्देशानुसार लायन को इलाज के साथ दवाईयां भी दी जा रही है।

# संघर्ष समिति की मांग बजट में मिले 300 करोड़

**बिलासपुर।** बिलासा देवी केंवटीन एयरपोर्ट को विकसित और उन्नत बनाने के लिए मुख्यमंत्री व वित्त मंत्री से 300 करोड़ रूपए की राशि बजट में स्वीकृत करने की मांग हवाई सेवा संघर्ष समिति द्वारा की गई है। इसके साथ ही बिलासपुर, अंबिकापुर, जगदलपुर एयरपोर्ट के विकास के लिए स्वतंत्र कंपनी का गठन करने की भी मांग की गई है।

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने आगामी बजट के मद्देनजर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और वित्त मंत्री ओपी चौधरी से बिलासा बाई केंवटीन एयरपोर्ट को 4सी एयरपोर्ट में विकसित करने 300 करोड रुपए का बजट देने की अपील की है। जिसमें 100 करोड़ रुपए की राशि इसी वित्तीय वर्ष में दिए जाने की मांग शामिल है। गौरतलब है कि राज्य शासन द्वारा बिलासा देवी केंवटीन एयरपोर्ट को 4 सी एयरपोर्ट में बदले की योजना बना चुका है। वर्तमान में 1 लाख 35 हजार वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल वाले राज्य में केवल एक एयरपोर्ट रायपुर में ही बड़े विमान लैंड कराने की सुविधा है, रायपुर एयरपोर्ट पर कोई समस्या होने पर फ्लाइट झारसुगुड़ा या नागपुर डाइवर्ट की जाती है। समिति ने बिलासपुर, अंबिकापुर, जगदलपुर एयरपोर्ट के विकास के लिए पृथक छत्तीसगढ़ राज्य एयरपोर्ट डेवलपमेंट कंपनी का गठन करने की मांग की है।

दरअसल महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश जैसे राज्य ऐसी कंपनी का गठन कर चुके हैं, जिसके परिणाम भी सकारात्मक आए है। हवाई सुविधा जनसंघर्ष समिति का महाधरना रविवार को जारी रहा। इस दौरान रवि बनर्जी, अनिल गुलहरे, रामशरण यादव, यतीश गोयल, विनय शुक्ला, राजू वर्मा, मोहसिन अली, अखिल अली और सुदीप श्रीवास्तव शामिल थे।

# आनलाइन मंगाए गए पार्सल की चोरी

**बिलासपुर।** ग्राहकों द्वारा मंगाए गए पार्सल की चोरी करने वाले कंपनी के मैनेजर व कर्मचारी के खिलाफ पुलिस ने धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज किया है।

तारबाहर टीआई कृष्णचंद सिदार ने बताया, रायपुर चंगोराभाठ निवासी अमित कुमार चंद्रवंशी 24 साल शूरा रिटेल अमेजन आफिस में मैनेजर है। उन्होंने ने आरोप लगाया है कि व्यापार विहार स्थित आफिस में किशन तिवारी एरिया मैनेजर है। उसके साथ ही प्रदीप दास मानिकपुरी, दीपक मिरी, निमेश रजक और आकाश राज कंपनी में काम करते हैं। उक्त आफिस से लगातार पार्सल के गायब होने की शिकायत मिल रही थी, जिसकी जांच कंपनी द्वारा कराई गई। जांच में खुलासा हुआ कि 23 सितंबर से दिसंबर 2024 तक मैनेजर किशन तिवारी और कर्मचारियों के द्वारा ग्राहकों के करीब 6 लाख 68 हजार के सामने को गायब कर दिया है। कंपनी के कर्मचारी चंद्रकांत साहू ने इसकी सूचना अधिकारियों को दी। पुलिस ने अमित कुमार की रिपोर्ट पर किशर तिवारी, प्रदीप दास मानिकपुरी, दीपक मिरी, निमेश रजक, आकाश राज के खिलाफ बीएनएस की धारा 316, 5, 318, 4, 61, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।


प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।

अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल, 30 अप्रैल, 03 मई, 8 मई,
11 मई, 14 मई,19 मई, 22 मई, 25 मई,
30 मई, 02 जून, 05 जून 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री,
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी-93406-38884

By Train- रिजर्वेशन कोच
रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, कन्याकुमारी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, पद्मनादम् स्वामी, केरला, सुन्द्रेश्वर महादेव,
यात्रा दिनांक
18 मार्च 2025
13 अप्रैल 2025
03 मई 2025
29 मई 2025
16 जुलाई 2025
27 जुलाई 2025
18 अगस्त 2025
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर- 18,501/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)